

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 143 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 08 मार्च 2023 http://samajjagran.in पेज 12 मूल्य 05 रुपया


# अफगानिस्तान के लिए भारत ने किया रोटी का इंतजाम

## पाकिस्तान नहीं चाबहार के जरिये भेजेगा 20 हजार मीट्रिक टन गेहूं

नई दिल्ली. भारत ने मुश्किलों से जूझ रहे अफगानिस्तान को चाबहार बंदरगाह के जरिये 20,000 मीट्रिक टन गेहूं भेजने का ऐलान किया. दिल्ली में मंगलवार को अफगानिस्तान पर भारत-मध्य एशिया संयुक्त कार्यकारी समूह की पहली बैठक में यह घोषणा की गई. इस बैठक में मेजबान भारत के अलावा मध्य एशिया के 5 देशों ने कजाकिस्तान, किर्गिजतान, तजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के विशेष राजनयिकों और वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया.

बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया कि भारत ने चाबहार बंदरगाह के जरिये UNWFP के साथ सहयोग से अफगानिस्तान को 20 हजार टन गेहूं की आपूर्ति करने का ऐलान किया है. दरअसल भारत मानवीय संकट को दूर करने के लिए अफगानिस्तान को अबाध मानवीय सहायता प्रदान करने की वकालत करता रहा है. इससे पहले अगस्त 2021 में तालिबान के काबुल में सत्ता पर काबिज होने के महीनों बाद भारत ने खाद्यान्न संकट से जूझ रहे अफगान लोगों की सहायता के लिए 50,000 मीट्रिक टन गेहूं देने का ऐलान किया था.



बैठक में शामिल सभी देशों ने एक संयुक्त बयान मंगलवार को कहा कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल किसी तरह की आतंकवादी गतिविधियों के लिए नहीं होना चाहिए. इसके अलावा काबुल में 'सही मायने में समावेशी' राजनीतिक ढांचे के गठन पर जोर दिया, जो महिलाओं समेत सभी अफगानों के अधिकारों का सम्मान करे.

इस संयुक्त बयान में कहा गया कि बैठक में ह्यसही मायने में समावेशी और प्रतिनिधिक राजनीतिक ढांचेह्न के गठन के महत्व पर जोर दिया गया, जो सभी अफगानों के अधिकारों का सम्मान करे और शिक्षा तक पहुंच सहित महिलाओं, लड़कियों और अल्पसंख्यक समूहों के सदस्यों के समान अधिकार को सुनिश्चित करे.

पिछले साल दिसंबर में अफगानिस्तान में महिलाओं के यूनिवर्सिटी में पढ़ने पर प्रतिबंध लगाने के तालिबान के फैसले की आलोचना करने वाले कई प्रमुख देशों में भारत भी शामिल था. वक्तव्य में यह भी कहा गया कि विचार-विमर्श के दौरान अधिकारियों ने आतंकवाद, उग्रवाद, चरमपंथ और मादक पदार्थों की तस्करी के क्षेत्रीय खतरों पर चर्चा की और इन खतरों का मुकाबला करने के लिए समन्वित प्रयास की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया.

बयान में कहा गया, ह्यइस बात पर जोर दिया गया कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल किसी भी आतंकवादी गतिविधि के लिए आश्रय देने, प्रशिक्षण देने, योजना बनाने या वित्तपोषण करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए. इसमें कहा गया कि इस बात की फिर से पुष्टि की गई कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) प्रस्ताव 1267 द्वारा नामित आतंकवादी संगठनों सहित किसी भी आतंकवादी संगठन को शरण प्रदान नहीं किया जाना चाहिए या अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए.ह्न

# कृषि विज्ञान केंद्र में कृषको का 5 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**समाज जागरण संवाददाता**
**विवेक देशमुख**

बिलासपुर। कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर में आयोजित किसानो का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया था जिसका समापन शुक्रवार को हुआ.इसमें किसानो को गेंहू बीज उत्पादन पर प्रशिक्षण दिया गया.पांच दिवसीय कार्यक्रम में जिले के सभी ब्लॉक से किसानो को बुलाया गया था जिनको गेंहू बीज उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया.आपको बता दे अंतिम दिन मस्तूरी क्षेत्र के किसानो को बुलाकर प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया गया साथ ही 25 किसानो को बैग,ट्रेनिंग कीट,और अन्य सामग्री वितरण किया गया.इस प्रशिक्षण शिविर में कृषि महाविद्यालय और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने अपना अपना उद्बोधन दिया दरसल यह भारतीय कृषि अनुसंधान प्रक्षेत्र भारतीय गेंहू एवं जौ अनुसन्धान करनाल द्वारा एसपीएसपी प्लान के सौजन्य से व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया गया.इस बीच सीनियर वैज्ञानिक डॉ.दीपक श्रीवास्तव ने कहा की गेंहू की फसल लेने के लिए किसानो को मेहनत करना पड़ता है.और इसके लिए कई तरीके भी अपनाये जाते है.और सबसे बड़ी बात की अगर खेती में इंसान ध्यान नहीं देगा तो फसल कभी अच्छा उत्पादन नहीं होगा.इसलिए किसानो को फसल उत्पादन और उसके तरीके को सीखना जरुरी होता है....वही सीनियर साइंटिस्ट डॉ.शिल्पा कौशिक ने बताया की सिर्फ जमीन होने और बीज बोने से फसल नहीं मिलता है बल्कि फसल का रखरखाव और उससे जुडी हुई महत्वपूर्ण बातो का भी ध्यान रखना पड़ता है.यही कारण है की किसानो को समय समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है.ताकि किसानो को फसल लेने में कोई तकलीफ न हो....बल्कि हमारा उद्देश्य यही है की किसान प्रशिक्षण में बढ़िया सीखे और बढ़िया खेती करके जीवन यापन करे.इस अवसर पर सीनियर वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.एसपी सिंह ,एपी अग्रवाल .डॉ .दिनेश पांडेय,डॉ .गीत शर्मा,डॉ .टीडी पांडेय,डॉ. संजय वर्मा डॉ .आरके शुक्ला,डॉ.शिल्पा.कौशिक, डॉ .अमित शुक्ला,डॉ .निवेदिता पाठक,डॉ. जेआर पटेल,डॉ. आरके शुक्ला समेत कई लोग मौजूद रहे।






# बैंक रिकवरी से संबंधित मामलों के निस्तारण के उद्देश्य से जनपद में आगामी 17 व 18 मार्च को होगा विशेष लोक अदालत का आयोजन।

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन में दिनांक 17.3. 2023 में दिनांक 18.03.2023 को जनपद गौतम बुद्ध नगर में बैंक रिकवरी से संबंधित मामलों के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन करने के निर्देश प्राप्त हुए है। उक्त के क्रम में मां0 जनपद न्यायाधीश श्री अवनीश सक्सेना के दिशा निर्देशन में दिनांक 17 व 18 मार्च 2023 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत को लेकर जनपद गौतम बुद्ध नगर में बैंक ऋण से संबंधित वादों के सुलभ निस्तारण के लिए विगत दिवस श्री राजीव कुमार वत्स अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में जिला अग्रणी प्रबंधक, गौतम बुद्ध नगर को बैंक ऋण से संबंधित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ में यह भी निर्देशित किया गया कि विशेष लोक अदालत का बैंक शाखाओं पर बैनर पोस्टर आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी प्राप्त हो सके और वह आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत का भरपूर लाभ उठा सकें। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।
















# "होली के रंग समाज जागरण के संग"

## फूलों की खुश्बू, यौवन पर चढ़ा, गुलालों का बसंती रंग ।रंगो के संग होली का अपना अलग ही उमंग

## होली उल्लास, मस्ती, रोमांच और प्रेम-आह्वान के साथ, प्रेम इजहार का त्योहार है।



## नारी तुम केवल श्रद्धा हो विश्वास रजत नग पग तल में

### पीयूष बहा करो जीवन के सुंदर समतल में

भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत महत्व दिया गया संस्कृत में श्लोक हैं यत्र पूज्यते नार्यस्तु तत्र रमंते देवता अर्थात जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं परंतु वर्तमान में जो हालात दिखाई दे रहा है इसमें नारी का हर जगह अपमान होता चला जा रहा है उसे भोग की वस्तु समझकर आदमी अपने तरीके से इस्तेमाल कर रहा है यह बेहद चिंताजनक है लेकिन इस समाज में नारी का सम्मान कैसे किया जाए यह विचार करना आवश्यक है आजकल लड़कियों पर नजर डाली जाए तो या पता चलता है की लड़कियां हर क्षेत्र में बाजी मार रही हैं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और खेलों में लड़कियां अब्बल स्थान कब करती आ रही किसी समय इन्हें कमजोर समझा जाता था किंतु आज अपनी मेहनत और मेघा शक्ति के बल पर हर क्षेत्र में प्रवीणता प्राप्त कर रही हैं नारी का पूरा जीवन पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने में ही बीत जाता है पूरे जीवन में पुरुष के साथ कंधा मिलाकर चलने के साथ-साथ उनसे अधिक जिम्मेदारियों का निर्वहन भी करती हैं किसी घर को मंदिर और बच्चों में संस्कार भरने का काम मां के रूप में नारी की की किया करती है बच्चों की प्रथम गुरु मां ही होती है भारतीय समाज में देवी अहिल्याबाई होल्कर ,मदर टेरेसा ,महादेवी वर्मा राजकुमारी अमृता कौर, अरूणा आसिफ अली इंदिरा गांधी सुचेता कृपलानी, संतोष यादव कस्तूरबा गांधी जैसी प्रसिद्ध महिलाओं ने अपने मन क्रम वचन से सारे संसार में अपना नाम रोशन किया वहीं वर्तमान में प्रतिभा पाटिल, द्रौपदी मुर्मू , कर्णम मल्लेश्वरी मीराबाई चानू पीवी सिंधु स्मृति मंधाना जैसी नारी होने लगातार देश का नाम रोशन कर रही आज समाज में नारियां एक से बढ़कर एक कारनामे कर रही और अपने कार्यों के बल पर संपूर्ण देश का नाम रोशन कर रही हैं अंत में यही कहना ठीक रहेगा कि हर महिला का सम्मान होना चाहिए अवहेलना भ्रूण हत्या और नारी की अहमियत का परिणाम नहीं समझने का दुष्परिणाम यह है कि महिलाओं की संख्या पुरुषों के मुकाबले आधी हो चुकी है किसी भी इंसान को यह नहीं भूलना चाहिए किनारी द्वारा जन्म दिए जाने पर ही वह इस दुनिया में अपना अस्तित्व बचा पाया है भारतीय संस्कृत में महिलाओं को देवी दुर्गा लक्ष्मी की तरह जो सम्मान मिला है आज भी मिलते रहना चाहिए किसी भी देश की तरक्की में महिलाओं का अहम योगदान होता है अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने अधिकार और कर्तब्य दोनों के प्रयासरत रहेंगे क्योंकि जीवन में अगर अपने अधिकार की बात करते है तो कर्तब्य की भी बात होनी चाहिए ।



**अंजली तोमर, सहायक अध्यापक**
**प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर-बलिया**

## पनिया लाले लाले गौरा हमरो के चाही......

### *सैइया घोर न गुलाल द्वारे पर आइलन कन्हैया ....*

होली के पावन त्यौहार में जात-पात सारे मतभेद को भुलाकर आपसी सद्भावना व भाईचारे का संदेश देने वाला यह महान त्यौहार है। बसंत ऋतु में पतझड़ के बाद नयी पंखुड़ी और पत्तों के साथ पेड़ पौधों में भी नवजीवन का संचार होने लगता है ।



भारतीय मान्यताओं के अनुसार शिव विवाह के बाद माता पार्वती को रोसगदि कराकर रंगभरी. एकादशी के दिन महादेव काशी पहुंचे थे , लेकिन भूत पिचास के साथ महादेव होली नहीं खेल पाए थे, तब उन्होंने रंगभरी एकादशी के दिन चिता की राख से भूत - पिचास के साथ होली खेली थी तब से हरिश्चंद्र घाट पर महा शमशान नाथ की आरती के बाद चिता की राख से होती खेलने की शुरूआत हुई ।

**होली मनाने का मुख्य उद्देश बुराई पर अच्छाई की जीत है ।**
**भारतीय पौराणिक कथाओं से उपजा है यह पर्व है।**

इस महान पर्व में हम अपनी चिंताओं की आहुति देकर हंसी खुशी एक दूसरे को गले मिलकर अबीर गुलाल लगाकर खुशी का इजहार करते हैं और अपने घर में बुलाकर मेवा मिष्ठान पकवान आदि खिलाते.है और उनका आतिथ्य सत्कार करते हैं।

भारत में होली इसा पूर्व से मनाई जाती है एक किद्वंती यह भी है कि भगवान कृष्ण राधा एवं गोपियों के साथ नृत्य खेलने की परंपरा की शुरूआत की थी, जो रंगों को लेकर पहले एक धार्मिक अनुष्ठान था तब से आज भी ब्रज की होली का जितना गुणगान किया जाए वह कम है।
अखियां हो लाले लाल गोरिया करके सिंगार अंगना में खेले होलिया..ड्ड....ड्डइसी शुभकामना के साथ होली की हार्दिक बधाई । खुश रहें खुशहाल रहें सौहार्दपूर्ण वातावरण में इस महान पर्व को मनाए।

**सत्य प्रकाश नारायण अधिवक्ता विधि संवाददाता बिहार - प्रदेश ( बिहार )**

## होली खेले रघुवीरा अवध में होरी खेले रघुवीरा , केकर हाँथ में कनक पिचकारी , केकरा हाथ में अबीरा, अवध में होरी खेलें रघुबीर..

होली : होली हर्षोल्लास , मस्ती रोमांस और आगाध प्रेम त्यौहार है। होली रंग गुलाल एवं पुआ- पकवान , नया परिधान का त्यौहार है। होली में हर्षोल्लास के साथ हम एक दूसरे से मिलते हैं। आज इस त्यौहार को सकारात्मक रूप से मनाना चाहिए। इस त्यौहार के माध्यम से भावी पीढ़ी में प्रेम सत्कार, पारस्परिक प्रेम सद्भावना एवं परोपकार से नैतिक गुणों का विकास होता है । इसी शुभकामना के साथ होली की बहुत-बहुत बधाईयां। हसिय, मुस्कुराइए और त्यौहार का आनंद लीजिए।खाईये और खिलाई,साथ ही सभी कटूता को भूला दिजिए।

**शांति देवी, सोशल एक्टिविस्ट सह पत्रकार, औरंगाबाद (बिहार)**

## यूं तो होली रंगों का त्योहार है मगर सच्चाई तो यह है कि मनोभाव ना और भावनाओं का त्यौहार है ।प्रत्येक व्यक्ति रंगों की भांति समय परिस्थिति के अनुसार बदलते रहते हैं।

कालांतर में कुछ पौराणिक कथाएं हैं जो सर्वविदित है। लेकिन आज इस त्यौहार के नाम पर कुछ अच्छाइयां और बुराइयां जुड़ गई है। आज मानव बहुत व्यस्त हैं भागदौड़ की जिंदगी में आराम और मनोरंजन को भूल दिया गया है। परंतु यह त्यौहार वरदान स्वरुप जीवन में सुखद परिवर्तन लाता है। इस त्यौहार के माध्यम से हमारी संस्कृति की पहचान होती है इस त्यौहार को हंसी खुशी और पवित्रता के साथ हर्षोल्लास के साथ इस होली के त्यौहार को मनाने की जरूरत है हंसते रहिए मुस्कुराते रहिए रंगों के साथ इस त्यौहार को रंगीन बनाते रहिए इसी के साथ होली की बहुत-बहुत शुभकामना।



**धनंजय कुमार "अधिवक्ता"**
**विधि संवाददाता बिहार, प्रदेश।**

## होलिकोत्सव पर विशेष

### *किस्मत जब भी असर दिखाये , उल्लू भी नेता बन जाये*

होली का त्योहार।
मतलब रंगों की बौछार।।
साथ में भांग की तरंग।
हुई शब्दों की जंग।।
हाल बड़े बड़ों का बताया।
राज कोई ना छिपाया।।
चली प्यार की गोली है।
बुरा ना मानो होली है।।

नरेन्द्र मोदी :
जो चाहूं, वह होता जाये
कोई विरोधी पकड ना पाये।।

मोहन भागवत :
ईश्वर मन की पूर्ण कराए।
हर कोई हिंदू बन जाये॥

अमित शाह :
मेरे ईश्वर यही मनाऊं।
एक बार उनकी पा जाऊं॥

राजनाथ सिहः
अंतर्मन यह सत्य बताये।
मुझको दोनों बहुत दबाए॥

नितिन गडकरी :
नहीं मचाता ज्यादा शोर।
पता मुझे जाना किस ओर।।

जेपी नड्डा :
मेरा भी है तगड़ा खेल।
दिया वहां भी मैने पेल॥

एल के आडवानी :
इतनी डाली मुझ पर धूल।
अपने भी गये मुझको भूल॥

मुरली मनोहर :
समय की देखो कैसी मार।
मुझे समझते हैं बेकार ॥

सोनिया गांधीः
जो चाहा वह हो ना पाया।
बेटा क्यों पप्पू कहलाया॥

राहुल गांधी :
जीते जी ना पाऊंगा।
लगता खाली जाऊंगा।।

प्रियंका गांधी :
चाहे जितना जोर लगाऊं।
लगता उसकी कभी ना पाऊं॥

योगी आदित्य नाथ :
देश के हित में उनकी धोई।
मेरे जैसा नहीं है कोई॥
आगे बढ़ते जाना है।
निश्चिय उनकी पाना है।।

अखिलेश यादव :
अब तो नहीं ठिकाना है।
अब ना यूपी पाना है॥
बड़ा गर्व था, बहुत यकीन।
क्यों जनता ने पैदल कीन॥

शिवपाल यादव :
मानी नहीं हमारी बात।
तभी पराजय की यह लात ॥

मायावतीः
अब नम्बर ना आयेगा।
फिर भी हाथी खायेगा।।

सतीश मिश्रा :
हुई भाई बिल्कुल बेकार।
सोच रहा हूं छोड़ूं यार॥
अपना काम बनाऊंगा।
जल्दी उसमें जाऊंगा॥

लालू यादव :
उल्टा हो गया मेरा खेल।
क्या अंतिम तक रहना जेल ॥

अरविंद केजरीवालः
चतुर खिलाड़ी मैं कहलाता।
बड़े जतन से बचता जाता॥

भगवंत मान
ऊपर वाला मुझे बचाये।
मुझ पर भी हैं नजर गड़ाए॥

मनीष सिसौदिया :
किसने बिगाड़ा मेरा खेल।
क्यों भिजवाया मुझको जेल॥

ममता बनर्जी :
मैं भी देख रही हूं सपना।
उनका पद कैसे हो अपना॥

नितीश कुमार :
अब ना वह बन पाउंगा।
बस यूं ही काम चलाऊंगा॥

शिवराज सिंह चौहानः
मैं भी तगड़ा खेला खाया।
कोई मुझको डिगा ना पाया॥

भूपेश बघेल :
कुछ ना कुछ कर जाता हूं।
तभी बचा मैं पाता हूं॥

अशोक गहलोत :
मन की ही कर जाना है।
अगली बार ना आना है॥

मनोहर लाल :
सरल नहीं है मेरी यार।
सत्ता से तगड़ा है प्यार॥

पुष्कर सिंह धामी :
कोई विरोधी समझ ना पाता।
कैसे अपना काम बनाता॥

एम के स्टालिन :
बहुत रास्ते आये माल ॥
समझ ना पाये दुश्मन चाल॥

हेमंत सोरेन :
अंदर - अंदर उनसे मेल।
'खास ' समझते मेरा खेल॥

जगन मोहन रेड्डी :
अपना काम बनाना आता।
इसी लिए तो उनसे नाता॥

पेमा खांडू :
काफी ऐसे जतन कराये।
अंदर - अंदर काम बनाये।।

हिमंत विस्वा सरमा :
भइया सही बताते हैं।
तगड़ा वे दे जाते हैं॥

बसव राज बोम्मई :
मन की सदा कराना आता ।
अपना काम बनाना आता ॥

प्रमोद सावंत :
लंबा काफी खेला है।
मैंने भी तो पेला है॥

भूपेन्द्र पटेल :
मेरा तो बस नाम है।
सारा उनका काम है ॥

सुखबिन्दर सिंह सुक्खू :
मेरा भी तो समझो हाल
मैं भी करता भाई कमाल ॥

पिनरई विजयन :
कैसे क्या - क्या लाता है।
कौन समझ यह पाता है॥

एन बीरेन सिंह :
आज बताओ मुझको भाई।
कैसे होती और कमाई ॥

कोनराड संगमा :
आगे बढ़ते जाना है।
उनसे मुझे छुपाना है।।

पीयू जोराम थांगा :
मेरे भी तो खेल अपार ।
कौन पायेगा मुझसे पार॥

नेफ्यू रियो :
भाई ऐसा खेल खिलाए।
दुश्मन बिल्कुल समझ ना पाये॥

नवीन पटनायक :
चाल समझ ना कोई पाता।
अपना काम बनाये जाता॥

पी एस गोले :
बडे.जतन से सबको तोले।
तभी स्वार्थ के फेंके गोले॥

डा. माणिक साहा :
ठीक समय में काम बनाया।
कितना कैसे कहां कमाया ॥

के चंद्र शेखर राव :
दिल ने चाहा, वही कराया।
हर जुगाड़ से बहुत कमाया॥

एक नाथ शिंदे :
अब तो समझ गये हो बात।
देखो कैसे मारी लात॥

उद्धव ठाकरे :
नहीं जमाओ मुझ पर धाक।
मैं भी सत्ता का चालाक॥

शरद पवार :
मन की सरल नहीं हो पाना।
केवल अपना नाम चलान॥

संजय राउत :
अपना काम बनाना है।
सब में टांग अड़ाना है॥

चरण जीत चन्नी :
कम भी नहीं लगाया तेल।
खत्म हो गया मेरा खेल॥

नवजोत सिद्धू :
चौके पर छक्का था मारा।
पता नहीं फिर भी क्यों हारा॥

कैप्टन अमरिन्दर सिंह :
मैं तो कुछ भी समझ न पाया।
क्यों मुझको ढक्कन करवाया॥

उमा भारती :
अब ना मेरा ठिकाना है।
ऐसे ही कट जाना है॥*

अन्ना हजारे :
समय नहीं बस यही खल रहा।
राह ना मेरी कोई चल रहा॥

गौतम अडानी :
यदि चाहो सरकार चलाना।
मुझको भूल कभी मत जाना ॥

मुकेश अंबानी :
केवल पैसे से ही प्यार।
देता है पूरा संसार ॥

अनिल अंबानीः
समझो ना मुझको कमजोर।
मेरा भी पैसे पर जोर॥

बाबा रामदेव :
केवल धन की खेलूं पारी।
मैं भी बहुत बड़ा व्यापारी॥

सुब्रत राय सहारा :
हिम्मत नहीं कभी भी हारा।
मैंने भी लाखों का मारा॥

: : प्रस्तुति : :



**गौतम कुमार समाज जागरण**
**अनुमंडल संवाददाता**
**दाउदनगर, औरंगाबाद**
**(बिहार)**

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइटः www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

22 may 2022:Layout 1 3/8/2023 9:25 AM Page 3

































































22 may 2022:Layout 1 3/8/2023 9:25 AM Page 4



## होली का अवकाश हुआ तो सनबीम स्कूल में बही रंग बिरंगी फगुनी बयार

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : शहर के अगरसंडा स्थित सनबीम स्कूल में होली के अवकाश के पश्चात सभी शिक्षकों ने विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह को अबीर गुलाल लगाकर उत्सव शुरूआत करते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर आपस में सब गले मिले। एक दूसरे को शुभकामनाएं व बधाइयां दी। स्कूल में खूब फगुनी बयार बही।



इस दौरान डॉ नवचंद्र तिवारी ने होली संबंधी गीत भी सुनाया। तत्पश्चात रेखा मैम अपने साथियों के साथ श्याम पर आधारित होली गीत सुनाया। अंत में निदेशक डा कुंवर अरुण सिंह ने सादगी ,शांति और सौहार्द से होली मनाने का आह्वान किया। कहा कि आपस में प्रेम व सौहार्द को बनाए रखना ही इस पर्व की प्रासंगिकता है। यह पर्व हमें सभी जाति-धर्म से ऊपर उठकर समान विचारधारा का संदेश देता है।

विद्यालय के चेयरमैन संजय पांडेय व सचिव अरुण सिंह ने भी शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं व बधाइयां दी। प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह ने सादगी व हर्बल रंगों से होली मनाने की सलाह दी। इस अवसर पर एडमिन एसके चतुर्वेदी, समन्वयक गण पंकज सिंह, सहरबानो, नीतू पांडेय, निधि सिंह व सभी शिक्षकगण व स्टाफ मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : कामेश्वर चैरिटेबल ट्रस्ट रेवती के कार्यालय पर अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम संगोष्ठी आयोजित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ महिला स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष रंजना देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। रंजना ने कहा कि समाज और देश के विकास में जितना योगदान पुरुषों का है, उतना ही महिलाओं का। हालांकि महिलाओं को पुरुषों के समान उतना अधिक सम्मान और अवसर नहीं मिलते। लेकिन वक्त के साथ महिलाएं घर परिवार की चार दीवारों को पाकर करके राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दे रही हैं। खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा मंत्रालय तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं। महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर मीना,रेखा, रामावती, रीता, सबिता, निर्मला, उर्मिला,बाल बच्ची देवी,अन्जू तिवारी, पूनम पाण्डेय, राजेश कुमार, संजय चौरसिया,नगर पंचायत रेवती के सभासद कौशल कुंवर आदि लोग मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन कामेश्वर चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव संतोष तिवारी ने किया।

## जिलाधिकारी को पत्र देकर द्विअर्थी भोजपुरी गीतों के बजने पर रोक की मांग

**अमित पांडेय, समाज जागरण**

रामगढ़ (बलिया) : भोजपुरी गीत संगीत में द्विअर्थी एवं अश्लील गानों से मर्माहत भोजपुरी विकास के कार्य में लगे शैलेश कुमार पाण्डेय ,रुपेश चौबे, विवेक ओझा ने सोमवार को जिलाधिकारी को पत्रक देकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के द्वारा व गीत संगीत में गायकों द्वारा अश्लील, द्विअर्थी और जातिसूचक गीत संगीत को बंद कराने का आग्रह किया।



जिस पर जिलाधिकारी बलिया रविंद्र कुमार ने त्वरित करवाई करने का भरोसा दिलाया। और साथ ही कहा कि आप लोग अपने अपने पुलिस थाना में भी इस बात की सूचना दे दे। मैं अलग से रिपोर्ट बनाकर शासन सहित हर पुलिस स्टेशन को अवगत करा दूंगा। इस बावत भोजपुरी साहित्य बिकास मंच के शैलेष कुमार पाण्डेय ने बताया कि भोजपुरी को डुबाने में गीत गायकों ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ा। आलम यह है कि नई पीढ़ी के बच्चें भोजपुरी से दूरी बनाने लगे हैं। मुहिम चला कर अश्लील गायकों का विरोध और बाद्य यंत्रों पर भी रोक लगाना पड़ेगा। बिहार सरकार ने रोक लगाने का आदेश पारित कर दिया है। अब यूपी में भी रोक लगना चाहिए।

## जिला सेल्स प्रमोटर संजय गुप्ता ने दिया उपहार

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के ए सी सी सीमेंट के जिला सेल्स प्रमोटर किसान उर्वरक केन्द्र के प्रोपराइटर संजय गुप्ता के द्वारा आज क्षेत्र के सभी ए सी सी सीमेंट के डीलर बंधुओं को होली के शुभ अवसर पर उपहार भेंट कर उन्हें रंगोत्सव के पावन पर्व होली की बधाई दी गयी। मुहम्मदाबाद चितबड़ागांव मार्ग पर स्थित जे एम ग्रुप करीमुद्दीनपुर के प्रोपराइटर जय प्रकाश राय उर्फ नन्हे राय को भी संजय गुप्ता के द्वारा उपहार भेंट कर रंगोत्सव की बधाई दी गयी। वरिष्ठ पत्रकार एवं बेबाक भारत न्यूज के एडीटर बिकास राय को भी उनके द्वारा उपहार भेंट कर होली की शुभकामनाएं दी गयी।




संजय गुप्ता के द्वारा नाथ बिल्डिंग मैटेरियल,जय मां अंबे आयरन स्टोर, सिंह बिल्डिंग मैटेरियल, अजय बिल्डिंग मैटेरियल आदि पर भी पहुंच कर उपहार भेंट किया गया।

इस मौके पर जय प्रकाश राय उर्फ नन्हे राय,श्री प्रकाश राय उर्फ पिंटू राय, मिस्टर समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## *जौनपुर में चहुंओर हुआ होलिका दहन, 8 को मनाई जाएगी होली*

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। रंगों के पर्व होली की पूर्व संध्या पर होने वाले होलिका दहन कार्यक्रम मंगलवार को जगह–जगह हुये। इस बाबत मन्दिर प्रांगण, सार्वजनिक स्थलों सहित सड़कों के किनारों, गलियों आदि जगहों पर होलिका दहन हुये। क्षेत्रीय लोगों द्वारा उपरोक्त जगहों पर रेड़ का पेड़ जमीन में गाड़ दिये जिसके बाद मुहूर्त के साथ विधि–विधान से पूजन–अर्चन करके होलिका दहन किया गया। इस दौरान जहां जोगीरा लगाया गया, वहीं अबीर–गुलाल लगाकर एक–दूसरे को बधाई दी गयी। साथ ही सभी गलत कार्यों से दूर रहने एवं अच्छे कार्यों को अपनाने का संकल्प लेते हुये बुराइयों को उसी आग के हवाले करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान होली गीतों पर लोगों ने जमकर नृत्य किया। देखा गया कि नगर के नखास, ओलन्दगंज, लाइन बाजार, पालिटेक्निक चौराहा, चहारसू, कोतवाली, सिपाह, भण्डारी रेलवे स्टेशन, सुतहट्टी चौराहा, उर्दू बाजार, जेसीज चौराहा, कलेक्ट्रेट आदि जगहों पर उपरोक्त आयोजन किया गया। मंगलवार को होलिका दहन कार्यक्रम करने वालों ने कहा कि हम लोग 8 मार्च दिन बुधवार को होली खेलेंगे।



## बहुभोज में आयोजित पवन सिंह के स्टेज प्रोग्राम में बवाल, चले ईंट पत्थर

**संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : थाना क्षेत्र के निकासी गांव में सोमवार की रात भोजपुरी सिने स्टार व गायक पवन सिंह के स्टेज प्रोग्राम में जमकर बवाल हुआ। ईंट पत्थर चले, कुर्सियां टूटीं। पुलिस ने लाठी भांज कर उपद्रवियों को खदेडा। बवाल एक जाति विशेष पर बने गीत की फरमाइश को लेकर हुआ। पवन सिंह ने उस गीत को गाने से इंकार कर दिया। इसी के बाद किसी ने पवन को लक्ष्य करके पत्थर मारा। निकासी गांव में आयोजित एक निजी मांगलिक कार्यक्रम में भोजपुरी सिने स्टार पवन सिंह व गायिका शिल्पीराज का स्टेज प्रोग्राम था। इसके लिये आयोजकों ने प्रशासन से अनुमति लिया था। पवन व शिल्पी को सुनने के लिये भारी भीड उमड़ी थी। सुरक्षा की दृष्टि से कई थानों की फोर्स, क्षेत्राधिकारी सहित पीएसी के जवान भी मुस्तैद थे। जब पवन स्टेज पर पहुंचे तो भीड में से ही किसी ने जाति विशेष पर पवन द्वारा पूर्व में गाये गीत को गाने के लिये फरमाइश कर दिया। पवन सिंह ने गीत को गाने से मना कर दिया। इसके बाद पवन को लक्ष्य करके किसी ने पत्थर मारा। पत्थर पवन को लगा तो वे भी आगबबूला हो गये। माइक पर ही उन्होने धमकी भरे लहजे में बोलना शुरू कर दिया। कुछ अप्रिय शब्द का भी प्रयोग किया। इसके बाद ईंट पत्थर चलना शुरू हो गया। भीड़ में भगदड मच गयी। इसके बाद पुलिस



ने मोर्चा संभाला। उपद्रवियों को लाठी पटक कर खदेडना शुरू कर दिया। भीड ने बैरकेटिंग के साथ कुर्सियों को भी तोड दिया। घटना का वीडियों तेजी से वायरल हो रहा है। हालाकि कुछ घंटों बाद जब मामला शान्त हुआ तो गायिका शिल्पी राज ने स्टेज पर पहुंच कर मोर्चा संभाला। जो श्रोता बच गये उन्होने देर रात तक शिल्पी के गीतों का आनंद लिया।

## नमामि गंगे परियोजना को मुंह चिढ़ाता जिले का हुकुम छपरा गंगा घाट

### *–अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग का जहाजों के रुकने का जेटी भी है यहां निर्मित*

**अमित सिंह, समाज जागरण**

रामगढ़ (बलिया) : भारत सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट नमामि गंगे योजना को जिले का हुकुम छपरा का गंगा घाट मुंह चिढ़ा रहा है।

एनएच 31 सड़क के किनारे जिले का चर्चित गंगा घाट हुकुम छपरा काली मंदिर के पास जहां पर अंतर्राष्ट्रीय जल मार्ग इलाहाबाद से हल्दिया तक के आवागमन करने वाली यात्री व मालवाहक जहाजों के रुकने के लिए अस्थाई प्लेटफार्म जेटी भी बनाया गया है। जिसका उद्घाटन समारोह भव्य तरीके से आयोजित किया गया था और जेटी का उद्घाटन जिले के सांसद बीरेंद्र सिंह मस्त ने किया था। आज वहां जेटी के अगल बगल सामने गंगा घाट पर बदबूदार गंदगी का अंबार लगा



हुआ है और स्नान करने वाले स्नार्थी इधर उधर स्नान कर रहे है। शासन द्वारा गंगा किनारे घाटों की साफ-सफाई करने हेतु कई संस्थाएं बनाई गई है। लेकिन संस्था के लोग यदा कदा साफ सफाई करने की जगह पर केवल फोटो सूट करके प्रचार प्रसार में लगे रहते हैं। जबकि आए दिन इस घाट पर स्नार्थियों सहित मुंडन संस्कार करने वाले हजारों लोगों की भारी संख्या में भीड़ जुटती है। बावजूद इसके घाट के किनारे बदबूदार गंदगी का अंबार लगा हुआ है। आस पास के तटवर्ती इलाकों के लोगों का कहना है कि जब राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त गंगा घाट पर इतना गंदगी है । तो अन्य जगहों पर गंगा घाटों पर क्या स्थिति होगी।

## शिक्षक प्रदीप सिंह की पत्नी का असामयिक निधन, शोक की लहर

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : शिक्षा क्षेत्र नगरा के कम्पोजिट विद्यालय अब्दुलपुर मदारी पर तैनात ताड़ीबड़ा गांव निवासी मुकेश सिंह उर्फ प्रदीप सिंह की धर्मपत्नी जयलक्ष्मी सिंह (40) का निधन सोमवार की शाम वाराणसी में उपचार के दौरान हो हो गया। इस अप्रत्याशित घटना की सूचना मिलते ही चहुंओर शोक की लहर दौड़ गयी। किसी को विश्वास ही नहीं हो रहा था कि ऐसा हुआ होगा, लेकिन सच पता चलते ही उनके दरवाजे पर शुभचिंतकों का हुजूम उमड़ पड़ा।

बताया जा रहा है कि मुकेश सिंह उर्फ प्रदीप सिंह की धर्मपत्नी जयलक्ष्मी सिंह पूरी तरह स्वस्थ्य थी। सोमवार की सुबह अचानक तबीयत खराब होने पर उन्हें मऊ ले जाया गया, जहां उपचार शुरू हुआ। पर राहत नहीं मिलने पर उन्हें वाराणसी पहुंचाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी सांसे थम गयी। इस घटना ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। कक्षा 9 में पढ़ने वाले उनके पुत्र और पुत्री बिलख रहे है। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि मां उनका साथ इतनी जल्दी कैसे छोड़ दी। वहीं, पूरे परिवार में करुण-क्रंदन व चीत्कार मचा है। प्राशिसं के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, उपेन्द्र सिंह, डॉ. अनिल सिंह समेत सैकड़ो शिक्षक व शुभचिंतक दरवाजे पर पहुंचे है।

## लोकसभा चुनाव 2024 के लिए समाजवादी पार्टी के टिकट के लिए प्रबल दावेदार है हैदर अली टाइगर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। लोकसभा चुनाव 2024 जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे राजनैतिक दलों में प्रत्याशियो की सरगर्मी भी बढ़ रही है और वह अपने टिकट के लिए जिले से लेकर राजधानी तक राजनैतिक शतरंज के बिसात पर अपनी गोटी विछा रहें है जिससे कि अंतिम दांव में विरोधियो को मात देकर टिकट प्राप्त किया जा सकें। गाजीपुर लोकसभा चुनाव में तीन दल भाजपा, सपा और बसपा में कांटे की टक्कर होती है, वर्तमान में बसपा-सपा गठबंधन से अफजाल अंसारी सांसद है, लेकिन सपा से गठबंधन टूट जाने के बाद अब समाजवादी पार्टी में टिकट के लिए सरगर्मी बढ़ गयी है। जातिगत समीकरण में मुस्लिम कार्ड समाजवादी पार्टी खेल सकती है ऐसे में सपा के वरिष्ठ नेता हैदर अली



टाइगर भी समाजवादी पार्टी से टिकट के लिए भगीरथ प्रयास शुरू कर दिया है। हैदर अली टाइगर ने दैनिक समाज जागरण ब्यूरो को बताया कि मैं समाजवादी पार्टी का सिपाही हूं जबसे पार्टी का गठन हुआ है तबसे लेकर आज तक मैं समाजवादी पार्टी की सेवा कर रहा हूं और उसके झंडे को बुलंद करने के लिए हर संभव कार्य करता हूं। पार्टी हाईकमान ने भी पिछले चुनाव में हमसे वादा किया था कि आपको भी मौका मिलेगा। इस संदर्भ में हमने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर अपनी बात बताई है। ज्ञातव्य है कि गाजीपुर लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा यादव मतदाता है, और मुसलमान की भी तादात किसी भी नतीजे को बनाने और बिगाड़ने की रहती है ऐसे में एमवाई फैक्टर सपा के लिए कितना कारगर होगा यह तो आने वाला समय बतायेगा।

## सर्वांगीण विकास की परिकल्पना शिक्षा से ही संभव है : डा. उमेश चंद्र

### *विद्यालय का वार्षिकोत्सव विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ संपन्न*

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर, सुइथाकला। स्थानीय विकास खण्ड स्थित सनसाइन पब्लिक स्कूल सराय मोहिउद्दीनपुर का वार्षिकोत्सव विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ। वाग्देवी सरस्वती के चित्र पर माला फूल अर्पित व धूप दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ जहां मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि एवं शिक्षाविद डॉ. उमेश चन्द्र तिवारी ने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना की जा सकती है। शैक्षिक उन्नयन के कारण ही समाज प्राचीनकाल से आज तक निरन्तर विकसित एवं परिवर्तित होता चला आ रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अनुक्रम में विद्यालय के बच्चों ने लोक नृत्य, हरियानवी नृत्य, भक्ति गीत, प्रहसन, कौव्वाली आदि की अनुपम प्रस्तुति करके लोगों को मंत्र–मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वशिष्ठ नारायण




चतुर्वेदी एवं संचालन विजया त्रिपाठी व बीएन सिंह ने संयुक्त रूप से किया। समापन अवसर पर संस्थान के निदेशक रविशंकर चतुर्वेदी व प्रधानाचार्या पूजा सिंह ने संयुक्त रूप से आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सुरेश पाण्डेय, सन्तोष सिंह, अशोक अग्रहरि, राजेश तिवारी, अंगद तिवारी, अमर प्रताप चतुर्वेदी तमाम लोग उपस्थित रहे।

## सेल्समैन से लूट की घटना का पुलिस ने किया पदार्फाश

***– एक शातिर लूटेरा गिरफ्तार, दो की तलाश में छापेमारी***

***– लूट के दो हजार 450 रुपए, डीवीआर, चोरी की एक मोटरसाइकिल व तमंचा व कारतूस बरामद***

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना रानीपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर अकबरपुर पुलिया के पास से प्रदीप चौहान निवासी रामपुर काझा थाना रानीपुर के कब्जे से एक तमंचा व एक कारतूस व लूट के दो हजार 450 रुपए, डीवीआर तथा चोरी की एक मोटरसाइकिल सूपर स्प्लेण्डर



बरामद कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि यह मोटरसाइकिल सहादतपुरा से चोरी किये थे जिसका नम्बर प्लेट फेककर बिना नम्बर प्लेट के उपयोग में लाते है। बताया कि चार फरवरी को वह अरूण राजभर उर्फ दाढी और मृत्यूंजय राजभर मिलकर बस्ती में शराब सेल्समैन से रुपए व एक पेटी शराब लूटे थे। साथ ही दुकान की डीवीआर भी उठा लिये थे। जिसमें इसी तमंचा को दिखाकर डराये थे। लूट के रुपए के बटवारे में मुझे 5 हजार रुपए मिले थे जिसमें से यही रुपए शेष बचे है बाकि खर्च कर दिये। अभियुक्त के निशानदेही पर डीवीआर भी बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## गड़वार और सोबईबांध के बीच हुआ फागनल मुकाबला, गड़वार बना विजेता

***–मां कामाख्या देवी क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित थी प्रतियोगिता***

***–भाजपा नेत्री प्रियंका दुबे रहीं फाइनल मैच की मुख्य अतिथि***

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : क्षेत्र के नारायणपाली गांव के मां कामाख्या देवी क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फागनल मैच गड़वार और सोब ईबांध टीम के बीच खेला गया। गड़वार की टीम को विजेता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वरिष्ठ भाजपा नेत्री प्रियंका दुबे फाइनल मैच की मुख्य अतिथि रही। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और पुरस्कार भी वितरित किया। फागनल मैच में गड़वार की टीम ने टास जीता और पहले बल्लेबाजी



करने का निर्णय लिया। निर्धारित 10 ओवर के मैच में छह विकेट के नुकसान पर 79 रन बनाकर टीम ने सोबईबांध के समक्ष 80 रन का लक्ष्य दिया। जबाब में उतरी सोब ईबांध की टीम ने निर्धारित ओवर में 75 रन ही पांच विकेट खोकर बना पाई। गड़वार की टीम चार से विजयी हुई और प्रतियोगिता की विजेता बनी। मैन आफ द मैच गड़वार के दीपक तथा मैन आफ द सिरीज गड़वार के रोहित रहे। ब्रजेश दुबे और चंदन यादव ने एम्पायर की भूमिका निभाई। बंटी पांडेय और पंकज पांडेय ने कमेंट्री किया तथा आकाश यादव अंचल स्कोरर की भूमिका में रहे। भाजपा नेत्री प्रियंका दुबे ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## पूर्व प्रधानाचार्य का हृदय गति रुकने से निधन, शोक की लहर

**नित्यानंद सिंह, समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : स्थानीय थाना क्षेत्र दुबे छपरा गोपालपुर के पूर्व प्रधानाचार्य का हृदय गति रुक जाने की वजह से निधन हो गया। कई समाजसेवी व सामाजिक संगठनों ने दुख व्यक्त किया। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार दुबे छपरा उगाई छपरा घाट पर किया गया

ग्राम गोपालपुर दुबेछपरा निवासी पुर्व प्रधानाध्यापक देव मुनी तिवारी (85) वर्ष अचानक सोमवार को हृदय गति रुकने से देहांत हो गया। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि अपने जीवन काल में लोगों की सेवा कर लोकहित में काम किए हैं इनके किए गए कार्यों को कभी भी नहीं भुलाया जा सकता है। वह आज इस दुनिया



में नहीं रहे लेकिन सदैव हमारे दिलों में रहेंगे उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है।

**शिक्षा के क्षेत्र में रहा विशेष योगदान**

पूर्व प्रधानाचार्य देव मुनि तिवारी प्राथमिक विद्यालय प्रसाद छपरा, गोपालपुर, पचरुखिया से सन 2001 में सेवानिवृत्त हुए थे इसके बाद भी बच्चों को निशुल्क शिक्षा देते रहे थे इतना ही नहीं मां ममता के आंचल व निर्मल सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रहते थे। अपने चार पुत्र और तीन पुत्री को उचशिक्षा कराये है।प्रधानाचार्य अपने पीछे चार बेटे बिनोद शंकर तिवारी, बिजेंद्र कुमार तिवारी, अरविन्द तिवारी व राकेश तिवारी एवं तीन बेटी को छोड़ कर गए।

## रेवती पुलिस ने 170 लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब संग बिहार के दो को गिरफ्तार किया

**समाज जागरण**

रेवती (बलिया) : अवैध शराब के निर्माण /तस्करी पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाए जाने व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को रेवती पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 170 लीटर अपमिश्रित अवैध कच्ची शराब बरामद हुई।

प्रभारी निरीक्षक रेवती हरेन्द्र सिंह व उ0नि0 धर्मेन्द्र दत्त मय फोर्स द्वारा मुखबीरी सूचना के आधार पर अभियुक्त मिथलेश यादव पुत्र पारस यादव निवासी मझवलिया मांझी जनपद सारण प्रान्त बिहार को बुझावन बाबा चबूतरे के पास ग्राम खरिका से विभिन्न पात्रों में कुल 90



लीटर अवैध अपमिश्रित कच्ची शराब व शराब बनाने की सामग्री के साथ व अभियुक्त उमेश यादव पुत्र परमात्मा यादव निवासी मझवलिया मांझी जनपद सारण प्रान्त बिहार को बांसकोठी ग्राम भाखर के पास से विभिन्न पात्रों में कुल 80 लीटर अपमिश्रित शराब एव शराब बनाने की सामग्री नौसादर, फिटकरी, यूरिया व नमक के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उमेश यादव की जामातलाशी में एक अदद तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।

## सखी वेलफेयर फाउण्डेशन ने सखियों संग मनाया रंगोत्सव

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने होली पर नगर के रूहट्टा में "आओ खेले होली, सखियों के संग" कार्यक्रम का आयोजन हुआ जहां सखी टीम ने एक-दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर मुंह मीठा कराते हुए रंगों का पर्व होली मनाया। संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने कहा कि रंग हमारे जीवन के विभिन्न मनोभावों को दर्शाते हैं और हमें सदा सकारात्मक मनोभावों के साथ आपसी सौहार्द बनाते हुए रंगोत्सव का त्यौहार मनाना चाहिए। सखी ज्योति कपूर व ममता उपाध्याय ने सभी को सुरक्षित तरीके से होली खेलने तथा प्राकृतिक रंगों का उपयोग करते हुए रंगों का आनंद उठाने के लिए प्रेरित किया। सभी सखियों ने होली के गीतों पर थिरकते हुए रंग गुलाल उड़ाकर तथा विभिन्न प्रकार के रोचक गेम्स में भाग लेकर रंग उत्सव का आनंद उठाया। रोचक गेम्स की विजेता सखी सुजाता जायसवाल, चेतना साहू तथा उमा गुप्ता रहीं।कार्यक्रम



का संचालन सखी अर्चना सिंह ने किया। अन्त में आभार सखी सरला माहेश्वरी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर शीला राय, स्वर्णिमा जायसवाल, विजयलक्ष्मी यादव, रजनी साहू, पिंकी जायसवाल सहित तमाम लोगों की उपस्थिति रही।

## प्रसूता ने विचित्र शिशु को दिया जन्म, परिजन हुये मायूस

**दिलीप जायसवाल, समाज जागरण**

जौनपुर। नगर के कुतूपुर तिराहे के निकट लक्ष्मी हॉस्पिटल में एक प्रसूता में विद्युत शिशु को जन्म दिया। बताते चलें कि शकरमंडी निवासी हंसराज मौर्या की पत्नी गुंजा मौर्या ने एक ऐसे विचित्र शिशु को जन्म दिया जिसकी स्थिति बेहद नाजुक है। चिकित्सक ने बालक को बाल रोग विशेषज्ञ को दिखाने की सलाह दिया। चिकित्सक ने बताया कि दो दिन पूर्व हमारे अस्पताल में प्रसूता ने विशेष शिशु को जन्म दिया है जो अभी जीवित है। ऊपर वाले की मर्जी के आगे परिजन बेबस हुये। विचित्र शिशु के जन्म लेते ही परिवार में उदासी छायी। चिकित्सक ने बताया कि इस तरह के अर्ध विकसित बच्चों का प्रसव करवाना बेहद जटिल भी होता है। ऐसे बच्चे या गर्भ में या फिर जन्म के तुरंत बाद मर जाते हैं। मेडिकल की भाषा में ऐसे बच्चे को अनसेफली कहते हैं।

## "फाग जौनपुर" होली महोत्सव का गोपी घाट पर हुआ आयोजन

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। स्वच्छ गोमती अभियान व शंकर संकीर्तन मंडल के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी होलिका की प्रातः मां गोमती के पावन तट गोपी घाट पर होली महोत्सव "फाग जौनपुर" का आयोजन हुआ।अभियान के अध्यक्ष गौतम गुप्ता ने कहा कि अपनी पुरानी संस्कृति को जीवित रखने हेतु दोनों संस्थाओं का यह एक छोटा सा संयुक्त प्रयास है जो धीरे–धीरे विराट रूप लेता जा रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह रहे। शंकर संकीर्तन मंडल के कलाकार क्रमशः अशोक बवाली, गोपी रावत, अतुल कुमार, बंटी की गीत पर श्रोता जमकर झूमे। साथ ही प्रख्यात फगुआ गायक मनोज सोनी कोमल व भजन गायक अभिषेक मयंक की प्रस्तुति ने सबको नाचने पर मजबूर कर दिया।



इस अवसर पर डा0 अशोक अस्थाना, सूर्य प्रकाश सिंह, नीरज सिंह, शशि श्रीवास्तव, बृजेश मौर्य, मोहनीश शुक्ल, उदय प्रताप यादव, चन्दन निषाद, सुधांशु विश्वकर्मा, विकास सोनकर, श्रवण निषाद समेत तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आलोक वैश्य ने किया। अन्त में कार्यक्रम संयोजक चन्दन निषाद ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कपड़ा फाड़ होली हुई तो जाना पड़ेगा जेल

***– इस बार होली के नाम पर अश्लील गाना बजा तो खैर नहीं***

***– नगर में लाउडस्पीकर लगा कर कराई गयी मुनादी***

***– एक- एक व्यक्ति पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर***

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : इस बार होली पर हुड़दंग करने के नाम पर कपड़ा फाड़ होली खेलने वालों की खैर नहीं और इतना ही नहीं होली पर अश्लील गाना बजा तो भी खैर नहीं है। प्रशासन इस बार होली पर्व पर फूहड़कम फैलाने वाले के साथ पुलिस सख्ती से निपटने की तैयारी में हैं। पुलिस का कहना है कि त्योहार के नाम पर अश्लीलता फैलाने वालों बख्शा नहीं जाएगा। इसके लिए विगत दो दिनों से नगर समेत अन्य क्षेत्रों में रिक्शा में लाउडस्पीकर लगा कर प्रचार कराया जा रहा हैं कि लोग खुशी व उल्लास पूर्वक पर्व मनाए यह पर्व शांति उमंग का पर्व हैं। लोग आपस मिल जुल कर त्योहार मनाएं किसी के साथ अभद्रता न करें। विगत कुछ दशकों से जिस तरह कुछ लोगो के द्वारा होली के पर्व पर फूहड़ कम व अश्लीलता परोस कर त्योहार मानने के तरीको के चलते यह पर्व अपने मूल संस्कृति से हटता चला जा रहा था। उसके लिए इस तरह के कदम आवश्यक हो जाते हैं ।जिससे लोगों में धर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी।

22 may 2022:Layout 1 3/8/2023 9:25 AM Page 5



# केरला पब्लिक स्कूल अररिया में मनाई गई 13 वीं वर्षगांठ

## दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

अररिया। जिला मुख्यालय का चर्चित शिक्षण संस्थान शिवपुरी स्थित केरला पब्लिक स्कूल में बीते 4 मार्च को विद्यालय का 13 वीं वर्षगांठ काफी धूमधाम के साथ मनाई गई। मोनिंग स्टार चैरिटेबल ट्रस्ट के मार्गदर्शक फादर विल्सन पॉल ,विद्यालय के निदेशक एन जे साजू , प्रधानाध्यापक बिंदु साजू,डी पी ओ राशिद नवाज एवं शिवपुरी के वार्ड पार्षद दीपा आनंद ने दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया। स्कूल के छात्र एवं छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ दिखाई गई। छोटी छोटी बच्चियों ने बेहतरीन डांस कर कार्यक्रम को बेहतरीन कर दिया।इस वार्षिक कार्यक्रम में स्कूल के सभी छात्र एवं छात्राओं के अभिभावक गण कार्यक्रम को देखने के लिए स्कूल के तरफ से आमंत्रित थे।

ट्रस्ट के मार्गदर्शक फादर विल्सन पॉल ने अपने संबोधन में वर्तमान शिक्षा एवं भारतीय संस्कृति का हमारे जीवन में प्रभाव पर वृहत रूप से प्रकाश डाला। वहीं विद्यालय के निदेशक श्री साजू ने न्यू एजुकेशन पॉलिसी के बारे में छात्रों एवं अभिभावकों को विस्तार से बताया कहा कि इसी सत्र से विद्यालय



एन ई पी 2020 को लागू करने का काम कर रही है।कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### डॉ. जायसवाल की भावना का वो कद्र करते हैं और मानदेय की वृद्धि हेतु विचार किया जाएगा: मंत्री

# हुजूर !वार्ड सदस्यों को मिले 10 हजार रुपया मासिक भत्ता और अन्य त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधियों की मानदेय में हो बढ़ोतरी : डा. दिलीप जायसवाल

*सरकारी कर्मचारी से लेकर सांसद विधायक तक के वेतनमान में बढ़ोतरी हुई है तो इसका क्यों नहीं, इनको पेंशन पेंशन भी मिले*

पटना। भाजपा नेता सह विधान परिषद सदस्य डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने सदन में पंचायतीराज जन प्रतिनिधियों के मानदेय में बढ़ोतरी का जोरदार मुद्दा उठाते हुए वार्ड सदस्यों को 10 हजार रुपया भत्ता दिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज के जनप्रतिनिधि समाज को आईना दिखाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारी से लेकर सांसद विधायक तक के वेतनमान में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन वार्ड सदस्यों को सिर्फ 500 वेतन मिल रहा है, जो कि उनका अपमान है डॉक्टर जायसवाल ने वार्ड सदस्यों को 10 हजार रूपया भत्ता दिए जाने की मांग की साथ हीं मुखिया सरपंच जिला परिषद सदस्यों के मानदेय में बढ़ोतरी की मांग उनके द्वारा की गई जिसके जवाब में मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम ने सदन को अवगत कराते हुए कहा कि डॉक्टर जायसवाल की भावना का वो कद्र करते हैं और मानदेय की वृद्धि हेतु विचार किया जाएगा।

डा जयसवाल ने सदन में मंत्री जी का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि हुजूर !आज जो भी सरकारी कर्मचारी हैं एमपी है एमएलए हैं एमएलसी है सभी लोगों का वेतनमान या मानदेय में बढ़ोतरी हुआ है। पंचायती राज प्रतिनिधि जैसा कि हमारे और भी माननीय सदस्यों ने कहा कि हमारे समाज का आईना के रूप में विकास को बढ़ाने का काम करता है। पंचायती राज प्रतिनिधि का यह तो सीधा अपमान है कि 500 रूपया महीना हमारे वार्ड मेंबर को दिया जाता है। जैसा कि प्रस्ताव दिया गया है कि कम से कम 10 हजार रुपया महीना वार्ड मेंबर को दिया जाए और उसी दर से ऊपर के पंचायत समिति सदस्य ,पंच ,मुखिया ,उप मुखिया, सरपंच, उप सरपंच जिला पार्षद, चेयरमैन, उपाध्यक्ष को भी उनका मानदेय बढ़ाया जाए। मैं आपसे संरक्षण चाहूंगा माननीय मंत्री महोदय आज इस प्रस्ताव पर विचार करें कि क्यों नहीं पंचायती राज प्रतिनिधि का भी मानदेय जो है कम से कम 10 हजार रुपया महीना रखा जाय। जिससे कि गरीब वार्ड मेंबर जो कि अपना परिवार अपना देश दुनिया छोड़ कर के समाज की सेवा के विकास में लगा रहता है। तो कम से कम वार्ड मेंबर को यह अधिकार मिलना चाहिए कि 10 हजार रुपया महीना कम से कम तब जाकर थोड़ा सा समान होगा और पेंशन का व्यवस्था जरूर माननीय मंत्री महोदय किया जाय। जिससे कि वार्ड मेंबर भी आपके समाज के विकास के मुख्यधारा में आ सके। माननीय नागेंद्र जी का जो भावना है और अन्य माननीय सदस्यों की भावना निश्चित तौर पर सही है और इनकी भावनाओं का हम कद्र भी करते हैं। और निश्चित तौर पर सरकार विचार भी करें इनकी भावनाओं का कद्र करते हुए सरकार निश्चित तौर पर विचार करेगी मानदेय वृद्धि के लिए।



हम आशा करते हैं कि अगला सेशन चले उसके पहले ही लागू कर देंगे। इनके आश्वासन के आलोक में हम सभी अगला प्रस्ताव वापस करते हैं। लेकिन अपने वादे पर कायम रहिएगा।

# इंडस्ट्रियल एरिया गोगी पोठिया के प्रबंधकों ने दी होली और शब ए बरात पर मुबारकबाद

सिमराहा। औद्योगिक क्षेत्र के रूप में सीमांचल में गोगी पोठिया विकसित व चर्चित अल समीर एक्सपोर्ट प्राईवेट लिमिटेड, मरहबा एवम जकारिया फैक्ट्रियों के मालिक,प्रबंधको ने सीमांचल, सूबे और देशवासियों को रंगों का त्योहार होली एवम शब ए बरात पर दिया बधाई एवम दिली मुबारकबाद। इस मौके पर फैक्ट्री में कार्यरत हिंदू भाई कर्मियों को रंग अबीर एवम मिठाई दी गई। फैक्ट्री प्रांगण में एक दूसरे को गुलाल लगाकर दिया शुभकामनाएं।



# ई होम्स पूर्णियां में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवम होली उत्सव आज: संजीव मिश्रा

पूर्णियां। महिला दिवस हर साल 8 मार्च को सेलिब्रेट किया जाता है। ऐसे में ई होम्स पनोरमा में महिला दिवस का इतिहास, महत्व और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 की थीम पर वक्ताओं का फोकस रहेगा। पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने बताया कि होली के साथ इस साल मनाया जाएगा महिला दिवस।इस दिन महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों का सम्मान करने का उत्सव मनाया जाता है। यह दिन लैंगिक समानता, महिलाओं के समान अधिकार, महिलाओं के खिलाफ हिंसा और दुर्व्यवहार और प्रजनन अधिकारों जैसे जरूरी विषयों पर केंद्रित है। यह दिन सभी प्रकार की महिलाओं के सम्मान के लिए मनाया जाता है। श्री मिश्रा ने होली, महिला दिवस और शब ए बरात पर सबों को बधाई भी दिए।




# एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा ने मदनेश्वर धाम में मनाया युवाओं के साथ होली

अररिया। बाबा मदनेश्वर धाम मदनपुर युवा कमेटी द्वारा होली महोत्सव का आयोजन मदनपुर मेला ग्राउंड में किया गया जिसमें एसडीएम ग्रुप के संस्थापक समाजसेवी संजय कुमार मिश्रा अपने सहयोगियों के साथ शिरकत किए और बच्चों का खुशी देखकर श्री मिश्रा ने खूब ठुमके लगाए मदनपुर के युवाओं में श्री मिश्रा को देखकर बहुत ज्यादा खुशी का माहौल बना और बच्चे भी उनके साथ सेल्फी लेने का हॉट बना लिया।



# आज मनाई जा रही है शब-ए-बारात, मस्जिदों व कब्रिस्तानों में खास तैयारी: फिरोज आलम

**इस्लाम धर्म में माह-ए-शाबान बहुत मुबारक महीना माना जाता है**

शंकरपुर । मंगलवार की पूरी रात मुस्लिम समुदाय के लोग इबादत में जुटेंगे और अपने व अपने बुजुर्गों के गुनाहों की माफी के लिए इबादत करेंगे. कब्रिस्तानों में जाकर पूर्वजों की कब्रों पर फातिहा पढ़कर उनकी बख्शिश की भी दुआ करेंगे.

**मनाई जा रही है शब-ए-बारात**

वरीय समाजसेवी सह फैसल एजूकेशनल सोसायटी के चेयरमैन जनाब फिरोज आलम नदवी ने कहा कि शब-ए-बारात को लेकर मस्जिदों व कब्रिस्तानों में विशेष तैयारी की गई. इबादत करने आने वाले धर्मावलंबियों की सुविधा के लिए कब्रिस्तानों में लाइट की व्यवस्था की गई है. आज पूरी रात मुस्लिम समुदाय के लोग इबादत में जुटेंगे और अपने व अपने बुजुर्गों के गुनाहों की माफी के लिए इबादत करेंगे. कब्रिस्तानों में जाकर पूर्वजों की कब्रों पर फातिहा पढ़कर उनकी बख्शिश की भी दुआ करेंगे.




शब-ए-बारात पर लोग अपने नाते-रिश्तेदार या जाननेवाले जो इस दुनिया से गुजर चुके हैं उनकी मगफिरत के लिए अल्लाह से दुआ करते हैं. इसके अलावा अच्छे खाने और मीठे पकवान बनाकर गरीबों में वितरित करते हैं. उन्होंने बताया कि इस रात पूरे साल के गुनाहों का हिसाब-किताब किया जाता है और लोगों की किस्मत का फैसला भी होता है. रातभर जागकर सिर्फ अपने गुनाहों से तौबा करते हैं. साथ ही अपने उन बुजुर्गों की मगफिरत के लिए कब्रिस्तान जाकर दुआ मांगते हैं, जो गुजर चुके हैं.



शब-ए-बारात मुस्लिम समुदाय के प्रमुख पर्वों में से एक है. यह इबादत की रात होती है. इस साल देश भर में शब-ए-बारात का त्योहार 7 मार्च को मनाया जा रहा है. यह त्योहार चांद के दिखने पर निर्भर होता है. इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार शब-ए-बारात शाबान महीने की 15वीं तारीख की रात को मनाई जाती है. इस्लाम धर्म में माह-ए-शाबान बहुत मुबारक महीना माना जाता है. यह दीन-ए-इस्लाम का आठवां महीना होता है.

# प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होलिकोत्सव

<u>दैनिक समाज जागरण। निज संवाददाता बौंसी।</u>

बौंसी/बांका:- बौंसी प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को होली उत्सव का जबरदस्त उत्साह शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिला। हर जगह लोग होली की मस्ती में सराबोर नजर आए छोटे-छोटे बच्चे, बुजुर्गों, महिलाओं



एवं युवतियों के साथ-साथ युवाओं की टोली ने जमकर रंग और गुलाल एक दूसरे को लगाएं। मंदिरों एवं शिवालयों में भी होली खेली गई। लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाए। इसके पूर्व अपने इष्ट देव की भी अबीर गुलाल लगाकर पूजा अर्चना की गई होली को लेकर सुबह से ही लो काफी उत्साहित नजर आए। हर तरफ लोगों को मस्ती करते देखा गया। ग्रामीण इलाकों में रंग और भांग के साथ युवाओं की टोलियां होली खेल रही थी। घर-घर जाकर खींच कर रंग लगाने का काम किया गया। सड़कों पर, गलियों में अपने साथियों के साथ पिचकारी से एक दूसरे पर रंग फेंकते हुए देखे गए। लोगों का चेहरा इस प्रकार से रंगा हुआ था कि लोगों को पहचानना भी मुश्किल हो रहा था। गुलाल और अबीर के साथ रंग और स्प्रे की होली खेली गई। होली पर जगह-जगह फगुआ गीत गाये गए। शाम में अबीर गुलाल लगाने के बाद लोगों ने आशीर्वाद ग्रहण किया। वहीं बौंसी प्रखंड के सुप्रसिद्ध मधुसूदन मंदिर में होली पर्व को लेकर देर रात तक भगवान मधुसूदन के साथ भक्तों ने अबीर,गुलाल की होली खेली। भजन कीर्तन के साथ करीब ढ़ाई से 3 घंटे तक भजन कीर्तन किया गया। जबकि उसके बाद अबीर गुलाल की होली खेली गई। वहीं बौंसी के आसपास के अलावा झारखंड के सीमावर्ती इलाकों से भी भक्त होली खेलने के लिए मधुसूदन मंदिर पहुंचे वही काफी देर रात तक भक्तों का डेरा मंदिर परिसर में जमा रहा जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा।

# हिरण के सींग और छिपकली के साथ तीन आरोपियों डाबग्राम रेंज कर्मियों द्वारा गिरफ्तार

<u>**उत्तम सिंह दैनिक समाज जागरण संवाददाता,**</u> सिलीगुड़ी(दार्जिलिंग) : बैकुंठपुर डिवीजन के डाबग्राम रेंज के वन कर्मियों ने तीन तस्करों को हिरण के सींग और तक्षक (छिपकली) के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान १.अजीबुल हक, २.सौभिक दाम और ३.बिष्णु बर्मन के रूप में हुई है। आरोपियों में दो कूचबिहार और एक अलीपुरद्वार जिले का रहने वाला है। एक गुप्त सूचना के आधार पर,डाबग्राम रेंज के वन कर्मियों टीम ने सिलीगुड़ी के नौकाघाट मोड़ पर एक अभियान चलाकर एक बस में यात्रा कर रहे तीन लोगों को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर इनके पास से दुर्लभ प्रजाति के छिपकली और हिरण के सींग बरामद हुए। वन विभाग के मुताबिक, तस्करों ने भूटान से चीन तक माल की तस्करी करने की योजना बनाई थी। आरोपियों को आज जलपाईगुड़ी कोर्ट में पेश किया गया।



# बालासन दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2-2 लाख रुपये का चेक सौंपा

उत्तम सिंह दैनिक समाज जागरण संवाददाता,(दार्जिलिंग)सिलीगुड़ी: सिलीगुड़ी बालासन नदी से अवैध रेत खनन के दौरान एक टीला गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। आज बनियाखरी में महापौर गौतम देब द्वारा मृतक के परिजनों को आर्थिक मुआवजे के चेक सौंपे गए. इस दौरान दार्जिलिंग जिला तृणमूल अध्यक्ष पापिया घोष और माटीगाड़ा के बीडीओ भी मौजूद थे। जिलाधिकारी एस. पोन्नम्बलम ने सोमवार रात को दो लाख रुपये के आर्थिक मुआवजे की घोषणा की, जिसे मंगलवार को सौंप दिया गया। मेयर गौतम देब ने इस घटना को बेहद दुखद हादसा बताया है। मुख्यमंत्री इस त्रासदी से दुखी हैं और उन्होंने आश्वासन दिया कि घायलों को मदद और इलाज मुहैया कराया जाएगा।



# शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण होली मनाने को लेकर कटोरिया पुलिस ने किया फ्लैग मार्च।

<u>**दैनिक समाज जागरण कटोरिया**</u>

बेलहर एसडीपीओ की प्रेम चंद्र सिंह के नेतृत्व में कटोरिया के आधे दर्जन गांव में होली के पूर्व संध्या पर फ्लैग मार्च किया गया। बता दें कि कटोरिया एवं आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को होली पर्व मनाया जाएगा।

होली एवं शबे बरात पर्व में शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटोरिया, राधानगर, कमरिया, जमुआ मोड़ एवं आधे दर्जन गांव में पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया तथा वही असामाजिके तत्वों को शांतिभंग करने पर किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएग। फ्लैग मार्च में एसडीपीओ प्रेमचंद्र सिंह के अलावा कटोरिया थाना अध्यक्ष नीरज तिवारी एवं पुलिस बल तैनात थे।

# रेफरल अस्पताल में बुधवार को रहेगी डॉक्टरों की इमरजेंसी ड्यूटी।

<u>**दैनिक समाज जागरण कटोरिया**</u>

होली पर्व के अवसर पर बुधवार को रेफरल अस्पताल कटोरिया में इमरजेंसी के तहत डॉकरे ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार बुधवार को सुबह 9:00 बजे से इमरजेंसी ड्यूटी में चिकित्सक तैनात रहेंगे। ताकि कोई आपातकालीन स्थिति को निपटा जा सके। वही एंबुलेंस भी एक्टिव मूड में रहेगा स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जानकारी दी गई।

# फूलबाड़ी-घोषपुकुर बाईपास में 75 किलो गांजा के साथ पांच आरोपियों गिरफ्तार

<u>**उत्तम सिंह, दैनिक समाज जागरण संवाददाता सिलीगुड़ी(दार्जिलिंग)**</u> : सोमवार की शाम 75 किलो गांजा के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एनजेपी पुलिस ने फूलबाड़ी-घोषपुकुर बाईपास मार्ग पर एक चारपहिया वाहन से उक्त गांजा बरामद किया. आरोपियों की पहचान १.राजू धर, २.संजय सरकार, ३.रविदास, ५.भास्कर साहा और ६.सुकुमार साहा के रूप में हुई है, सभी कूचबिहार के रहने वाले बताए जाते हैं। कथित तौर पर, एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक चार पहिया वाहन के अंदर छिपे 10 पैकेटों से लगभग 75 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसका बाजार मूल्य लगभग 8 लाख रुपये आंका गया है। रिपोर्ट के अनुसार उक्त गांजा की तस्करी कूचबिहार से कोलकाता में की जा रही थी। आज सभी आरोपियों को जलपाईगुड़ी जिला अदालत में पेश किया गया।



# 72वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल में सीमावर्ती गाँव मे सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वीरेंद्र चौहान,दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। क्षेत्रीय मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल, किशनगंज के अधीन 72 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के द्वारा सीमा चौकी कारकमनी, कादिरगंज तथा सोनगांव मे सिविक एक्शन कार्यक्रम बावा (इहहअ) के तत्वाधान में आयोजित किया गया।




कार्यक्रम में कारकमनी गांव से मुख्य अतिथी हितेन सिंगा, गांव मेम्बर, रंजीत सीगां समिति मेम्बर, कादिरगंज गांव से मुख्य अतिथी अशोक प्रधान रसाखोवा तथा 04 ग्राम मेम्बर तथा वाहिनी अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, जवानों तथा बावा (इहहअ) सदस्य शामिल हुए। सिविक एक्शन प्रोग्राम के अन्तर्गत सीमांचल के ग्रामिणों को 250 एलपीएच के आर. ओ. (फ्ह) कारकमनी और कादरगंज गांव में स्थापित किये गये जिनकी कुल किमत रुपये दो लाख पचास हजार रुपए है। ताकि ग्रामिवासीयों को शुद्ध जल मिल सके। इसके अलावा सोनगांव सीमा चौकी मे सोनगांव गांव से मुख्य अतिथी अमित कुमार सरकार, ग्राम मेम्बर तथा अन्य गणमान्नीय व्यक्तयों के उपस्थिति में ग्रामीण युथ को प्रशिक्षण देने के लिए रुपए 36,629 / - की समाग्री बाटी गई। परमजित सिंह, कार्यवाहक समादेष्टा 72 वीं वाहिनी ने उपस्थित समस्त ग्रामिणो को संबोधित किया एवं सीमा सुरक्षा बल को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया ।सीमा सुरक्षा बल देश की सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक सहोगार से जुड़े कार्य करते आयी है। और करते रहेगी। सीमावर्ती गांव के ग्रामिणों के साथ-साथ मिलकर उनके साथ एरिया के ग्रामिणों का विकास ज्यादा से ज्यादा हो सके। सीमा सुरक्षा बल सिविक एक्शन कार्यक्रम और बोर्डर एरिया डेवलमेंट प्रोग्राम के तहत इस प्राकर की वस्तुओं एवं सुविधाओं को प्रदान करके सीमावर्ती आबादी की अक्सर सहायता करते रहते है।



# दिवंगत डीलर रविंद्र यादव को दी गई श्रद्धांजलि

<u>**दैनिक समाज जागरण कटोरिया**</u>

प्रखंड के मनियां पंचायत के सबसे पुराने डीलर दिवंगत रविंद्र यादव को डीलर संघ की ओर से श्रद्धांजलि दी गई । फेयर प्राइस डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश यादव ने दिवंगत रविंद्र यादव की पत्नी को संघ की ओर से ड्डृ10 हजार की अनुग्रह राशि दी गई।

बता दें कि रविंद्रबाबू 1984 से लगातार पीडीएस डीलर थे। बहुत ही शांत और शरीफ व्यक्ति थे। 1984 से लगातार गरीबों की सेवा करते रहे ।उनके असामयिक निधन से लोगों में मायूसी है। इस मौके पर डीलर संघ अध्यक्ष दिनेश यादव के अलावे नागेश्वर यादव, जय प्रकाश सिंह ,पत्रकार धर्मेंद्र रतन ,संजय यादव और उनके कई परिवार के लोग श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित होकर परिवार को सांत्वना दिया ।वही बिहार प्रदेश के फेयर प्राइस डीलर संघ के प्रदेश अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी ने उनके निधन शोक व्यक्त की। संगठन की ओर से उनके पुत्र अरविंद यादव को को आश्वासन दिया कि अनुकंपा दिलाने प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# नशे में चूर बाइक सवार युवक सड़क दुर्घटना में जख्मी

<u>**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह**</u>

बांका/चांदन: एक तरफ होली का त्योहार मनाने में लोग लगे हैं, दुसरी तरफ नवयुवक लड़के होली के उमंग में शराब बंदी के बावजूद पुलिस से बच कर शराब पीने मसगूल है। वहीं सड़क दुर्घटना में एक शराबी बाइक सवार युवक गंभीर रूप में जख्मी होने कि बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम करीब पांच बजे चांदवारी पंचायत के धावा गांव निवासी महादेव यादव के पुत्र कारु यादव अपने बहन के घर मोथ डीह गांव गया था। जहां सादी की प्रोग्राम में तिलक उत्सव तैयारी चल रही थी। इसी बीच युवक ने बहनोई के खरीदी नई स्पेन्डर बाइक की चाभी लेकर सड़क पर फरार्टा मारने निकल गया। इसी बीच शराब के नशे चूर होने के साथ तेज रफ्तार चला रहे बाइक सवार युवक का संतुलन बिगड़ जाने से सामने पेड़ में टक्करा कर गिर गया। यहां तक कि नई नवेली बाइक का परखच्चे उड़ गया। बाइक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक बुरी तरह जख्मी होकर अचेत अवस्था में पड़ा रहा। इस घटना को लेकर राहगीरों के मदद से युवक को इलाज हेतु प्राइवेट क्लीनिक में गया जहां उपचार कर बेहतर इलाज हेतु देवघर रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि युवक शराब के नशे चूर था।

# जमीनी विवाद में भतीजे ने की चाचा की हत्या

## मधुबन बाजार में मंगलवार के सुबह की घटना, आरोपित नवीन ने रॉड से अपने चाचा के सिर पर ताबड़तोड़ किया हमला

<u>**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**</u>

मऊ : मधुबन थाना क्षेत्र के तहसील गली में जमीनी विवाद को लेकर भतीजे ने चाचा को रॉड से मारकर घायल कर दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। उधर सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। होली के एक दिन पहले घटी घटना से पूरे मधुबन बाजार में हड़कंप की स्थिति बन गई। पुलिस आरोपी के छोटे भाई और पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है। मधुबन थाना क्षेत्र के ऊसरी छपरा गांव निवासी अभिमन्यु राजभर (55) पुत्र स्व.लेखू राजभर का मधुबन के तहसील गली में पैतृक मकान है। इसको लेकर अभिमन्यु और उसके छोटे भाई लक्ष्मण में विवाद पहले से चला आ रहा है। मंगलवार की शाम करीब पांच बजे इसी बात को लेकर दोनों भाई में कहासुनी होने लगा। बात बढ़ने पर दोनों पक्ष एक दूसरे से विवाद कर बैठे।



इस दौरान लक्ष्मण का बड़ा पुत्र नवीन ने रॉड से अपने चाचा के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। वहीं घटना के समय आस पास के लोगों ने मधुबन एसओ अब्दुल वाहिद पुलिस बल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही आरोपी के पिता तथा उसके छोटे भाई को हिरासत में लेकर थाने ले आई। घटना के संबंध में सीओ अभय कुमार सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में है, आरोपी की तलाश की जा रही है। चर्चा रही कि दोनों भाईयों के बीच यह विवाद पिता स्व. लेखू के मरने के बाद से चला आ रहा था। वहीं कुछ माह पहले उसकी लेखू की पत्नी के मरने के बाद उसके हिस्से की जमीन तथा दो हिस्सो में बंटे घर के बीच गली को लेकर दोनों में विवाद ओर बढ़ गया था। मंगलवार की शाम भी इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी थी।घटना जहां हुई, वहां भीड़ थी, त्यौहार के चलते लोग घर में ही थे। दोनों भाईयों के बीच कहासुनी के बाद दोनों में विवाद के बाद भी लोग तमाशाबीन बने रहे, अगर उस भीड़ में कोई मानवता दिखाते हुए बीच बचाव कर देता तो अभिमन्यु की जान बच सकती थी।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी ग्रामीणों और किसानों की समस्याएं,,23 से ज्यादा मामलों की हुई सुनवाई

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर । कलेक्टर सौरभ कुमार ने मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए आम जनता की समस्याएं सुनी। कुछ आवेदन का त्वरित निदान किया गया, वहीं कुछ आवेदनों को टीएल में पंजी करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। राशन कार्ड के लिए प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए तुरंत राशन कार्ड बनाए गए। जनदर्शन में आज लगभग 23 आवेदन प्राप्त हुए।

जनदर्शन में अपनी समस्या लेकर आए शहर के साईं नगर निवासी जयराम बंजारा ने वैष्णवी विहार में पानी निकासी बंद होने की समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने नगर निगम को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए है। मस्तूरी निवासी छतलाल सावले ने अपने मोहल्ले में हो रही पेयजल की समस्या के बारे में बताया। कलेक्टर ने इस मामले को सीईओ जनपद पंचायत मस्तूरी को सौंपा। मंगला निवासी बिलासा सोनी ने अपनी पेंशन राशि नहीं मिलने के संबंध में आवेदन दिया। कलेक्टर ने मामले को टीएल में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। मस्तूरी ब्लॉक के राजीव युवा मितान क्लब संघ के युवाओं द्वारा खेल स्टेडियम का अभाव होने की जानकारी



देते हुए खेल स्टेडियम निर्माण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर ने मामले को सीईओ जनपद पंचायत मस्तूरी को सौंपा। ग्राम गुमा निवासी श्रीकांत गुप्ता द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में आवेदन दिया गया। कलेक्टर ने आवेदन को टीएल में लेते हुए सीईओ जनपद पंचायत बिल्हा को कार्यवाही के निर्देश दिए।

## आदि शक्ति राईस मिल छिंदवाड़ा पर 01 लाख 25 हजार की लगायी गयी पेनाल्टी

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(08मार्च) कस्टम मिलिंग की धान के अनुबंध के विरुद्ध कार्य करने पर कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने में. आदिशक्ति राईस मिल छिंदवाड़ा पर 01 लाख 25 हजार रुपये की पेनाल्टी लगाई है और मिल संचालक को पेनाल्टी की यह राशि जिला विपणन संघ बालाघाट के बैंक खाता में शीघ्र जमा कराने के निर्देश दिये है। पेनाल्टी की राशि जमा करने पर ही पुलिस अभिरक्षा में रखे गये कस्टम मिलिंग के धान से भरे पांच ट्रकों को मुक्त कर राईस मिल को सौंपा जायेगा।

जिला विपणन अधिकारी हिरेन्द्र रघुवंशी ने इस संबंध में बताया कि में. आदिशक्ति राईस मिल छिंदवाड़ा द्वारा विपणन संघ मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिला विपणन कार्यालय बालाघाट से धान की कस्टम मिलिंग का अनुबंध किया गया है। 03 मार्च को विपणन संघ बालाघाट द्वारा में. आदिशक्ति राईस मिल छिंदवाड़ा को आर ओ जारी किये गये थे।03 मार्च को तहसीलदार लालबर्रा के भ्रमण के दौरान शासकीय हाईस्कुल कनकी के पास ट्रक क.-सीजी-15-डीसी-2107, सीजी-06-एचजेड-8779, एमएच-40-एके- 1337, सीजी-04-एलयू-2940, एमएच-49-एटी-7777 जो सी.एम.आर. धान से भरी हुई थी एवं नियमानुसार जिसे छिंदवाड़ा की ओर जाना था परन्तु लोडिंग कैंप बिरसोला से छिंदवाड़ा की दिशा के विपरीत बालाघाट की दिशा की ओर जाना पाया गया। जांच के दौरान वाहन चालको के पास गेट पास, कांटा पर्ची नहीं होना पाया गया है। जिस पर कलेक्टर डॉ मिश्रा के निदेशानुसार पंचनामा तैयार कर मिलर्स की स्वयं की सुरक्षा में जब्त ट्रकों को हाइवे पुलिस चौकी गर्रा बालाघाट की अभिरक्षा में दिया गया है।

जिला उपार्जन कमेटी के द्वारा प्रत्येक वाहन पर 25 हजार रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। साथ ही



में. आदिशक्ति राईस मिल छिंदवाड़ा के संचालक को सचेत किया गया है कि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न हो, अन्यथा उसके विरुध्द वैधानिक कार्यवाही करते हुये उनकी फर्म को काली सूची में डालने हेतु विपणन संघ मुख्यालय भोपाल को लेख किया जावेगा। राईस मिल संचालक को निर्देशित किया गया है कि सात दिवस में प्रत्येक वाहन पर 25 हजार रुपये के हिसाब से कुल राशि 01 लाख 25 हजार रुपये जिला कार्यालय विपणन संघ बालाघाट के बैंक खाते में शीघ्र जमा कर पावती कार्यालय को प्रेषित करें ।पेनाल्टी राशि जमा करने पर ही कस्टम मिलिंग के धान से भरे ट्रको को पुलिस अभिरक्षा से मुक्त कर राईस मिल को सौंपा जा सकेगा।

## शाला प्रबंधन समिति ,जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विद्यालय में हुआ होली मिलन कार्यक्रम

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख, ओम गोस्वामी**

सीपत। संकुल केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सीपत विकास खंड मस्तूरी के प्राथमिक शाला कौवाताल और प्राथमिक शाला बरेली में प्रधान पाठको और शिक्षक स्टाफ द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम रखा गयो कार्यक्रम के अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत कौवाताल छोटेलाल सूर्यवंशी सरपंच ग्राम पंचायत बरेली श्रीमती शीतला सिदार के आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ अतिथियों ने कहा कि जिस तरह सात रंगों के समूह मिलकर इंद्रधनुष सप्तरंगी का आकार देते है उसी प्रकार होली का त्योहार सौहाद्र प्रेम भाईचारा और एकता का संदेश देता है चाहे विद्यालय परिवार समाज देश हो मिलजुल काम करने से उत्तरोत्तर विकास होता है कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक द्वय प्राथमिक शाला कौवाताल प्रमोद कुमार पाण्डेय,प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बरेली श्रीमती लक्ष्मी माल्या ने संचालन कियोकार्यक्रम में उपस्थिति पंच, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों सक्रिय पालको और माताओ को संस्था प्रमुखों द्वारा मार्गदर्शन सहयोग प्रेरणा की अपेक्षा से संबोधित करते



हुए सभी सदस्यों को स्वल्पाहार के रूप भजिया, टमाटर की चटनी मिठाई, केला अंगूर नास्ते के साथ होली मिलन कार्यक्रम में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए बधाई देते हुए विद्यालय विकास में बेहतर विकास और जनसहयोग की बात कहते हुए बधाई देते हुए प्राथमिक शाला कौवाताल में हरित क्रांति राशि से फोटो कापी प्रिंटर मशीन लेने की सर्वसम्मति अभिमत देते हुए होली मिलन कार्यक्रम समापन किया गयोइस अवसर पर सरपंच कौवाताल बरेली छोटेलाल सूर्यवंशी, श्रीमती शीतला सिदार, पूर्व सरपंच जयसिंह सिदार, रे सदस्य ,सौखीलाल साहू, दिलहरण साहू, जीवन लाल साहू, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला कौवाताल रामकिशुन सूर्यवंशी, प्रधान पाठक पूर्व मा शा बरेली श्री तिरिथ राम लिबर्टी, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला कौवाताल प्रमोद कुमार पाण्डेय, प्रधान पाठक प्रा शाला बरेली,श्रीमती लक्ष्मी माल्या, शिक्षक शिक्षिका सुनील कुमार गौरहा, केदारनाथ साहू, श्रीमती सरोज डोंगरे, श्रीमती शशीकला सिदार, अशोक टोप्पो, श्रीमती कमलेश कुर्रे, विनोद गोयल, श्रीमती सुनीता गोयल, श्रीमती रामेश्वरी कैवर्त, जनप्रतिनिधियों, रे सदस्यों, पालको, सक्रिय माताओ छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## जनसुनवाई में 28 आवेदन प्राप्त, सुनी गई आवेदकों की समस्या

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(08मार्च )मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, जिला पंचायत के सीईओ विवेक कुमार, अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम, संयुक्त कलेक्टर श्री के एस ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आयुषी जैन एवं राहुल नायक ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ अपनी समस्या लेकर आये आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। 07 मार्च की जनसुनवाई में 28 आवेदक अपनी समस्यायें लेकर आये थे।

जनसुनवाई में दीनदयाल पुरम कालोनी बालाघाट का रूदामन बिसेन शिकायत लेकर आया था कि उसका पंजाब नेशनल बैंक में खाता है, अब उसका खाता आधार नंबर से लिंक हो गया है। पहले उसका आधार नंबर दूसरे व्यक्ति सिंगरा सिंह के खाते से लिंक हो जाने के कारण धान उपार्जन की राशि, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि, गैस सब्सिडी की राशि सिंगरा सिंह के खाते में ही जमा हो रही थी। अतः उक्त व्यक्ति के खाते में जमा हुई उसकी राशि उसके स्वयं के खाते में जमा कराई जाये। वार्ड नंबर-24 श्री कृष्णा रेसिडेंसी कालोनी जागपुर घाट के निवासी शिकायत लेकर आये थे कि कालोनाईजर विजयवार द्वारा उन्हें प्लाट बेचे गये हैं, लेकिन उसमें पक्की सड़क, नालियो, बिजली पोल की सुविधा नहीं दी गई है। कालोनाईजर द्वारा बताया गया था कि कोलोनी में बुनियादी सुविधायें उपलब्ध करायी जायेंगी। अतः उनकी कालोनी में बुनियादी सुविधायें उपलब्ध करायी जायें।

जनसुनवाई में वारासिवनी तहसील के ग्राम वारा के शब्बीर कुरैशी शिकायत लेकर आये थे कि उनकी पुत्री का विवाह 10 फरवरी 2022 को मुख्यमंत्री कन्या निकाह योजना में कराया गया है। लेकिन उन्हें अब तक इस विवाह की राशि नहीं मिली है। अतः विवाह सहायता



राशि शीघ्र दिलायी जाये। भूपेन्द्र कुमार खंगारे संबल योजना में अनुग्रह राशि दिलाने की मांग लेकर आया था। उसका कहना था कि उसकी बहर रेखा खंगारे का 28 जुलाई 2022 को निधन हो गया है, जो संबल कार्ड धारक थी। लेकिन उसे अब अनुग्रह राशि नहीं मिली है।

लालबर्रा तहसील के ग्राम पिपरिया-छिंद का जीवन माने शिकायत लेकर आया था कि उसके खेत में मनरेगा के अंतर्गत वर्ष 2021 में कपिलधारा कूप का निर्माण किया गया है। लेकिन कूप निर्माण की सामग्री का 89 हजार रुपये की राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। अतः इस राशि का उसे शीघ्र भुगतान कराया जाये।

## ऐतिहासिक बजट से छत्तीसगढ़ में दूबारा रिपीट होगी भूपेश सरकार : डॉ. प्रेमचन्द जायसी

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तुरी । छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ प्रेमचन्द जायसी ने बजट पर कहा कि भूपेश सरकार की यह बजट देश-प्रदेश की जनता के प्रति सरकारों की संवेदनशीलता और जवाबदेही की दिशा में मील का नया पत्थर साबित होगा। ये बजट केवल प्रदेश ही नहीं, देश के इतिहास में अब तक का सबसे अभूतपूर्व बजट है ।इसमें युवा, महिलाओं, किसानों के सशक्तीकरण, सामाजिक सुरक्षा, शैक्षणिक प्रगति, लोक कला एवं कलाकारों के संरक्षण सहित गांव, गरीब और मजदूरों के कल्याण की घोषणाएं की गईं हैं। इससे सभी वर्गों के उत्थान के साथ समावेशी विकास, महंगाई पर नियंत्रण और छत्तीसगढ़ प्रदेश को नई क्रांति की राह में प्रशस्त होगी। छत्तीसगढ़ सरकार ने शिक्षित बेरोजगारों को रू.2500 प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान। राजीव गांधी किसान न्याय योजना में इनपुट सब्सिडी के लिए रू. 6800 करोड़ का प्रावधान किया गया है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का नगर पंचायत क्षेत्रों के लिये विस्तार। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि में 43 प्रतिशत की वृद्धि (प्रतिमाह रू.500 की गई है)। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की राशि दुगुनी कर दी गयी है। छात्रवृत्ति की राशि 1000 से बढ़ाकर 1500 रू. प्रतिमाह और छात्रावास के विद्यार्थियों को भोजन सहायता योजना के तहत दी जानी वाली राशि 700 से बढ़ाकर 1200 रू. प्रतिमाह किया जाना प्रशंसनीय है।

डॉ. प्रेमचन्द जायसी ने कहा है कि पत्रकार गृह निर्माण ऋण अनुदान



योजना अंतर्गत ब्याज अनुदान का प्रावधान प्रशंसनीय है। नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना रू.1000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। दुर्ग से नवा रायपुर के लिये लाइट मेट्रो सेवा नगरीय क्षेत्र में औद्योगिक पार्क के लिए रू.50 करोड़ का प्रावधान। कोरबा में नवीन ताप विद्युत गृह रू.25 करोड़ का प्रावधान आगामी समय के ऊर्जा की जरूरतों पर फोकस है। आज के बजाट में शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष प्रावधान है। 101 नवीन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के लिए रू.807 करोड़ का प्रावधान है। राज्य में 4 नवीन चिकित्सा महाविद्यालय रू.200 करोड़ है। डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के लिए रू.990 करोड़ बजट में किया गया है ।डॉ. जायसी ने कहा है कि मानदेय को लेकर भी आज के बजट में ऐतिहासिक प्रावधान किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के मानदेय में वृद्धि कर 10,000 रुपए प्रतिमाह, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 7500 प्रतिमाह, आंगनबाड़ी सहायिका को 5000 प्रतिमाह। मितानीनों के लिए रू. 2200 अतिरिक्त प्रतिमाह। ग्राम कोटवारों के लिए सेवा भूमि के आधार पर रू. 3000, रू. 4500 रू. 5500, रू. 6000 प्रतिमाह। ग्राम पटेलों के लिए रू. 3000 प्रतिमाह। मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम अंतर्गत रसोईयों हेतु रू. 1800 प्रतिमाह। विद्यालयों में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों हेतु रू. 2800 प्रतिमाह। होमगार्ड जवानों हेतु न्यूनतम रू. 6,300 से अधिकतम रू. 6,420 प्रतिमाह। स्वावलंबी गोठानों की संचालन समिति के अध्यक्ष हेतु रू. 750 एवं अशासकीय सदस्यों हेतु रू. 500 प्रतिमाह का प्रावधान है। कुल मिलाकर के बजट में प्रदेश के सभी वर्गों के लिए कुछ ना कुछ मिला है। इस बजट ने छत्तीसगढ़ की जनता की झोली में खुशियां भर दी हैं। इस ऐतिहासिक बजट ने सुनिश्चित कर दिया कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रिपीट होगी!

## सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ बनाने के लिए देश भर में 9,000 से अधिक जन औषधि केंद्र खोले गए हैं

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने आज दिल्ली के द्वारका में आयोजित जन औषधि दिवस, 2023 कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा देश भर में 9,000 से अधिक जन औषधि केंद्र खोले गए हैं, ताकि सभी लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। श्री यादव ने कहा कि इन केन्द्रों पर कम कीमत पर दवाएं उपलब्ध हैं, जिससे जनता को महंगी दवाओं के बोझ से राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही सरकार द्वारा इन जन औषधि केन्द्रों पर महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सस्ते दामों पर सेनेटरी पैड की उपलब्धता भी सुनिश्चित

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए सर्वे कार्य शुरू, महिलाओं में खासा उत्साह

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(08मार्च )मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर प्रदेश में महिलाओं के सर्वांगीण विकास, आर्थिक स्वालम्बन, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार को बनाए रखने एवं महिलाओं की परिवार में निर्णय की भूमिका सुदृढ़ किए जाने के लिए दिनांक 05 मार्च से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना में 23 से 60 वर्ष आयु की पात्र महिलाओं को हर माह 01 हजार रुपये की राशि दी जायेगी। इस योजना के लिए पात्र महिलाओं को



चिन्हित करने का कार्य जिले में आज 07 मार्च से प्रारंभ कर दिया गया है। सर्वे के दौरान महिलाओं को बताया जा रहा है कि योजना में प्रदेश की मूल निवासी 23 से 60 वर्ष तक आयु की विवाहित, विधवा, परित्यक्ता महिलाओं के खाते में प्रति माह 1000 रुपए अंतरित किये जायेंगे। आवेदन के केलेंडर वर्ष में 01 जनवरी की स्थिति में महिला को 23 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी होना चाहए तथा उसकी आयु 60 वर्ष से कम होना चाहिए। योजना के लिये 25 मार्च से आवेदन भरे जायेंगे। लाड़ली बहनों के खातों में 10 जून से राशि का अंतरण प्रारंभ होगा। प्रत्येक माह की 10 तारीख को लाड़ली बहनों के खाते में पैसे जमा होंगे। यह योजना ढाई लाख रुपए तक की सालाना आय वाले परिवार की बहनों के लिए है। इसमें जाति धर्म का कोई बंधन नहीं है। 05 एकड़ से कम कृषि भूमि एवं जिस परिवार में कोई सदस्य आयकर दाता नहीं है उस परिवार की महिला को इस योजना में लाभ मिलेगा। जिसके परिवार का कोई सदस्य वर्तमान या भूतपूर्व सांसद, विधायक हो, जिसके परिवार का कोई सदस्य स्थानीय निकाय में निर्वाचित जनप्रतिनिधि (पंच एवं उप सरपंच को छोड़कर) हो उसे इस योजना में लाभ नहीं मिलेगा।

## कांग्रेस नेता अशोक राजवाल ने क्रिकेट प्रतियोगिता सरगवां के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर कहा कांग्रेस सरकार के नये बजट में भी खेल के लिए बड़ा सौगात।

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तूरी। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सरगवां में आदर्श कप क्रिकेट क्लब द्वारा टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।लगातार चल रहे प्रतियोगिता में क्षेत्र से अनेकों क्रिकेट टीमों ने बड़ चड़ कर हिस्सा लिया जिसका शुभारम्भ अतिथियों के द्वारा, पूजा अर्चना श्रीफल तोड़कर और फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि अशोक राजवाल ने खिलाड़ियों और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के बजट में बड़ा सौगात दिया है छत्तीसगढ़ा ओलंपिक को करोड़ों का बजट ।जिसमें जीतते हुए फाइनल मैच किरारी



और मुड़पार के बीच खेला गया जिसमें मुड़पार ने शुरूआत बैटिंग करते हुए ग्यारह ओवर के मैच में 108 रन का लक्ष्य दिया। जिसका पीछा करते हुए किरारी टीम ने 9 ओवर में 109 रन बना लिये। इस प्रकार किरारी विजयी हुए। प्रथम स्थान टीम किरारी पहला पच्चीस हजार व शील्ड द्वितीय ईनाम मुड़पार टीम ने जीत हासिल करते हुए पंद्रह हजार व शील्ड अपने नाम किया। तृतीय ईनाम सरगवां पाँच हजार व कप समिति को बधाई देते हुए खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए हौसला बढ़ाया और कहा सरकार द्वारा दिए जा रहे खेल के मदद के बारे में बताया गया, सभी खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया, किस तरह से आप खेल में आगे बढ़ सकते है और अपने आर्थिक स्थिति को खेल के माध्यम से सुधारा जा सकता है, समापन मैच में उपस्थित मुख्य रूप से कांग्रेस नेता अशोक राजवाल , विशिष्ट अतिथि देवेंद्र कृष्णन, रितुराज भार्गव, अजय जोशी, रोशन राय, राजा राय, विकास मधुकर, जानू टंडन, संजय निषाद, आयोजक साहिल मधुकर, आशु जागडे, किशोर मनहर, रवि मधुकर, राज मधुकर, भोला टंडन, संदीप बघेल, सुलेन लहरे आदि ग्राम वासी, खिलाड़ीगण एवं समस्त क्रिकेट समिति के लोग आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षक चरण दास महंत को मिला 50000 रुपये वी आई टीचर स्कॉलरशिप

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख, ओम गोस्वामी**

सीपत। वोडाफोन आईडिया द्वारा शिक्षकों को उनके द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों और प्रयासों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से पूरे देश भर से चयनित 110 शिक्षकों को श्क इंडिया द्वारा 50000 रुपये की टीचर स्कॉलरशिप दिया जाता है, पहले यह राशि 100000 रुपये था, जिसे अब 50000 रुपये कर दिया गया हैं उक्त टीचर स्कॉलरशिप की राशि 2023 में बिलासपुर जिले के मस्तूरी विकासखंड के शासकीय उन्नत प्राथमिक शाला धनुहारपारा कुकदा में कार्यरत शिक्षक चरण दास महंत को मिला हैं ।बताते चले कि शिक्षक चरण दास महंत ने बच्चों की शिक्षा के उल्लेखनीय कार्य किया हैं । कोरोना काल में बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने के लिए ऑनलाइन क्लास, मिस्ड कॉल गुरुजी, मोहल्ला क्लास जैसे इनोवेशन से उनको पढ़ाते थे । बच्चों को गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा दिया जाता हैं, जिससे कि बच्चे सिखाएं गए विषयवस्तु बड़ी ही सरलता से सीख सके । विद्यालय को प्रिंट रीच वातावरण से सजाया गया है, जिससे बच्चे कभी भी कहीं भी सीख सके ।बच्चों की शिक्षा को और रुचिकर बनाने के लिए स्वयं डिजिटल सामग्री तैयार लैपटॉप और प्रोजेक्टर के माध्यम से उनको सिखाया जाता हैं, क्योंकि देख कर सीखी गई ज्ञान स्थायी होता हैं और बच्चों को पता ही नहीं चलता कि वे स्कूल में पढ़ रहे हैं। पालकों और समुदाय को जोड़ने के लिए मातृ उन्मुखीकरण



कार्यक्रम, पालक सम्मेलन के साथ परिवेश त्यौहार पर उनको आमंत्रित किया जाता हैं जिससे बच्चे अपने पालकों को अपने बीच पाकर उत्साहित और खुश हो जाते हैं और उनके माध्यम से बच्चों को संस्कृति और त्यौहार के बारे में जानकारी मिलती है। 2023 में ही मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षादूत पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है ।उनके इस कार्य में विद्यालय के प्रधानपाठक और संकुल समन्वयक बसंत जायसवाल तथा शिक्षिका श्रीमती चन्द्रिका मिरी का पूरा सहयोग रहता हैं।

उक्त टीचर स्कॉलरशिप के लिए श्क के ऑफिसियल वेबसाइट में जाकर ऑनलाइन अप्लाई करना होता हैं । ऑनलाइन आवेदन में चाही गई जानकारी को सही-सही भरना होता हैं फिर प्राप्त आवेदन से स्कूटनी कर राष्ट्रीय स्तर पर 110 शिक्षकों का चयन किया जाता हैं। उक्त राशि से शिक्षक चरण दास महंत द्वारा बच्चों को डिजिटल शिक्षा प्रदान करने के लिए स्मार्ट टीवी क्रय किया जाएगा, साथ ही कंप्यूटर की शिक्षा की शुरूआत भी किया जा रहा हैं ।इनकी इस उपलब्धि पर डी के कौशिक जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर, रामेश्वर जायसवाल apc, श्रीमती सुनीता पाण्डेय apc, अश्वनी भारद्वाज विकासखंड शिक्षा अधिकारी, एस आर टंडन abeo, भागवत प्रसाद साहू बीआरसी मस्तूरी, बसंत जायसवाल, प्रमोद पाण्डेय सीएसी, वरिष्ठ पत्रकार नजीर मोहम्मद, मनोज पाटनवार , शिक्षिका श्रीमती चन्द्रिका मिरी, विद्यालय के बच्चे, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी सहित ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं दी है।

## महिला दिवस विशेष- 7 वर्षो से समाज सेवा कर रही रंजीता दास की कहानी

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर । छत्तीसगढ़ का गौरव बिलासपुर की बेटी रंजीता दास विगत 7 वर्षों से समाज सेवा कर रही हैं। जीना इसी का नाम है आज हर कोई दिन दुखियों के विषय पर चर्चा करता है लेकिन क्या वास्तव में दीन दुःखी केवल चर्चा का ही विषय है हम उनके लिए क्या कर सकते हैं कल्पना करिए यदि कोई ऐसी युवती मिले जो दीन दुखियों की सेवा के लिए अपनी नौकरी छोड़ अपना सब कुछ समर्पित कर विगत कई माह से उनकी सेवा कर रही हो, कुछ ऐसी ही है हमारे बिलासपुर की बेटी हैं ।सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि रखने वाली मन मे सेवा भाव लिए हमेशा जरूरतमंदों की सेवा शुरू से ही उनके जीवन का अहम हिस्सा रहा है। जिन्होंने कुछ ऐसा कर दिया जो आज पूरे प्रदेश के लिए मिसाल बन चुकी है जी हां हम बात कर रहे हैं। रंजीता दास का जिन्होंने प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हुए सेवा करती रही थी लेकिन सेवा कार्यो और नौकरी दोनों में जब किसी एक को चुनना पड़ा तब रंजीता ने सेवा कार्यो को चुनते हुए आगे बढ़ी,जुनून ऐसा बड़ा की नौकरी छोड़ कर विगत 1 सालों से शहर की पिछड़ी बस्तियों में, स्लम एरिया में पन्नी, कबाड़ी उठाने वाले बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारवान बनाने का बीड़ा उठाया है प्रतिदिन ऐसे बच्चों के पास जाकर उन्हें शिक्षा और साथ ही सभ्य समाज में रहने हेतु संस्कारवान भी बना रही है ।वर्तमान में रंजीता के द्वारा शहर में अनेक पिछड़ी बस्तियों पर चार संस्कारशाला संचालित की जा रही है जिसमें सर्वप्रथम रेलवे इंस्टिट्यूट के पीछे बसी बस्ती जिसे मुर्रा भट्ठा के नाम से जाना जाता है वहां विगत 12 माह से निशुल्क संस्कारशाला संचालित कर रही है ,ब्रम्ह विहार,नहर पारा देवरीडीह,बर खदान देवरीखुर्द में इनके द्वारा संस्कार शाला चलाया जा रहा है। 7 बच्चो से शुरूवात की संस्कारशाला में अब आने वाले बच्चों की संख्या 346 हो चुकी हैं रंजीता ने बताया की इस सेवा कार्य में उन्हें समाज के परिवार के और उनके मार्ग दर्शकों का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है रंजीता ने बताया कि जब नौकरी छोड़ कर इस काम में जुड़ी तो लोग उनकी अवहेलना करते थे लोग उनका मजाक उड़ाते थे मगर दृढ़ इच्छाशक्ति और समाज के लिए समर्पित भाव उनके रगों में बहने लगा था उन्होंने निर्णय लिया कि अब नौकरी छोड़ कर समाज के लिए और नन्हे नन्हे बच्चे जो देश के भावी युवा पीढ़ी, भावी भविष्य बनेंगे उन्हे नशे से मुक्त कर शिक्षा के साथ संस्कारवान बनाना भी बहुत आवश्यक है पर्याप्त साधन ना होने के बावजूद भी समाज के सहयोग से उन्होंने लगातार इस कार्य को आगे बढ़ा रही हैं ज्ञात हो रंजीता पिछले 7 वर्षों से सामाजिक



जीवन में है उनके द्वारा अनेकों स्कूलों (सरकारी व गैर सरकारी) में वनांचल क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्र में जाकर महिलाओं एवं युवतियों को मासिक धर्म के प्रति जागरूक कर उनके मन में बैठे मिथ्या ,समस्या को दूर कर समाधान का उपाय भी बताया साथ ही इन 7 वर्षों में हजारों सेनेटरी नैपकिन का निशुल्क वितरण भी किया है इस 7 वर्ष के दौरान उन्होंने अनेक कन्याओं के विवाह में आर्थिक मदद की और कोरोना काल के दौर में जब लोग अपने परिजनों के अंतिम संस्कार नहीं कर पाते थे ऐसे दौर में समूह बनाकर अनेक मृत व्यक्तियों का अंतिम संस्कार और उस दौरान लकड़ी की कमी होने पर 25 टन से अधिक गौकाष्ठ भी नगर निगम को उपलब्ध कराया था उनके इस पूरे कार्य में उनके पिता जी का और माता जी का भरपूर सहयोग प्राप्त होता है उन्होंने कहा है कि तन समर्पित मन समर्पित जीवन का कण कण समर्पित हैं मातृभूमि तुझे कुछ और भी दूं।

**अब तक के किए सामाजिक कार्य**

(1)- 7 वर्षों से मासिक धर्म के प्रति स्कूलों एवं ग्रामीण अंचल की किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरूक कर रही हैं।

(2) छोटे बच्चों को अच्छा स्पर्श बुरे स्पर्श के प्रति जागरूक कर रही हैं।

(3) आत्मरक्षा के तत्काल सरल तरीके द्वारा जन जागरूकता ला रही हैं।

(4) झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र के किशोर किशोरियों को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

(5) स्कूली बच्चियों को मासिक धर्म के लिए मिथ्या समस्या समाधान पर उचित परामर्श प्रदान कर रही हैं।

(6) पिछले 12 महीनों से स्लम एरिया झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले भिक्षा मांगने वाले बच्चों को शिक्षा एवं संस्कारवान बना रही हैं । एवं 346 बच्चों को निशुल्क शिक्षा दे रही हैं।

(7) कारोना काल में गौकाष्ठ द्वारा अंतिम संस्कार कराया गया हैं।

(8) प्रसव पीड़ा के दौरान महिला एवं बच्चे की जान बचाया गया हैं।

(9) निर्धन कन्या विवाह में सहयोग किया गया हैं।

(10) निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण देकर जरूरतमंद को स्वलम्बी बनाया गया है।

(11)मूक जानवरों एवं गौसेवा किया जाता हैं।

(12)जरूरतमंदों को ठंड से बचने हेतु गर्म कपड़े,कम्बल,शॉल,स्वेटर,मोजा,इत्यादि का वितरण किया जाता हैं।

(13)भीषण गर्मियों से बचने के लिए पक्षियों के लिए सकोरा वितरण कर लोगो पक्षियों के दाना पानी देने के लिए जागरूक किया जाता हैं।

## कृषि विज्ञान केंद्र में कृषको का 5 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न,,,

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर। कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर में आयोजित किसानो का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया था जिसका समापन शुक्रवार को हुआ.इसमें किसानो को गेंहू बीज उत्पादन पर प्रशिक्षण दिया गया.पांच दिवसीय कार्यक्रम में जिले के सभी ब्लॉक से किसानो को बुलाया गया था जिनको गेंहू बीज उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया.आपको बता दे अंतिम दिन मस्तूरी क्षेत्र के किसानो को बुलाकर प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया गया साथ ही 25 किसानो को बैग,ट्रेनिंग कीट,और अन्य सामग्री वितरण किया गया.इस प्रशिक्षण शिविर में कृषि महाविद्यालय और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने अपना अपना उद्बोधन दिया दरसल यह भारतीय कृषि अनुसंधान प्रक्षेत्र भारतीय गेंहू एवं जौ अनुसन्धान करनाल द्वारा एसपीएसपी प्लान के सौजन्य से व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया गया.इस बीच सीनियर वैज्ञानिक डॉ.दीपक श्रीवास्तव ने कहा की गेंहू की फसल लेने के लिए किसानो को मेहनत करना पड़ता है.और इसके लिए कई तरीके भी अपनाये जाते है.और सबसे बड़ी बात की अगर खेती में इंसान ध्यान नहीं देगा तो फसल कभी अच्छा उत्पादन नहीं होगा.इसलिए किसानो को फसल उत्पादन और उसके तरीके को सीखना जरुरी होता है....वही सीनियर साइंटिस्ट डॉ.शिल्पा कौशिक ने बताया की सिर्फ जमीन होने और बीज बोने से फसल नहीं मिलता है बल्कि फसल का रखरखाव और उससे जुडी हुई महत्वपूर्ण बातो का भी ध्यान रखना पड़ता है.यही कारण है की किसानो को समय समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है.ताकि किसानो को फसल लेने में कोई तकलीफ न हो....बल्कि हमारा उद्देश्य यही है की किसान प्रशिक्षण में बढ़िया सीखे और बढ़िया खेती करके जीवन यापन करे.इस अवसर पर सीनियर वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.एसपी सिंह ,एपी अग्रवाल .डॉ .दिनेश पांडेय,डॉ .गीत शर्मा,डॉ .टीडी पांडेय,डॉ. संजय वर्मा डॉ .आरके शुक्ला,डॉ.शिल्पा.कौशिक, डॉ .अमित शुक्ला,डॉ .निवेदिता पाठक,डॉ. जेआर पटेल,डॉ. आरके शुक्ला समेत कई लोग मौजूद रहे।

# शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**
**विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 7 मार्च 2023 : गस्ती के दौरान कुटुंबा थाने की पुलिस ने सोमवार की शाम छः बजे संडा - मटपा कच्ची नहर के समीप दस लीटर अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। पुष्कर की पहचान सरायकेला जिला अंतर्गत आदित्यपुर गांव निवासी जितेंद्र ठाकुर, उंटारी थाना अंतर्गत महदेयीया गांव निवासी बालाजी प्रताप, पाटन थाना अंतर्गत कनौडी गांव निवासी ओमप्रकाश, औरंगाबाद जिला अंतर्गत कुटुंबा निवासी राजू कुमार और विभांशु कुमार के रूप में हुई है। यह कार्यवाही राकेश कुमार राय ने की। उन्होंने बताया कि जांच के क्रम में रॉयल स्टेज, ब्लेंडर, बियर शराब बरामद हुई। मध निषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए तस्करों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप बरामद

**दैनिक समाज जागरण**
**विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 7 मार्च 2023 : अम्बा थाने की पुलिस ने सोमवार की सुबह चार बजे मध्य विद्यालय जीवा बिगहा के समीप से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्कर की पहचान औरंगाबाद मुफस्सिल थाना अंतर्गत कुंडा गांव निवासी उज्जवल कुमार के रूप में हुई है। यह कार्यवाही थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने की। उन्होंने बताया कि तस्कर पल्सर बाइक पर शराब लादकर जा रहा था। जांच के क्रम में चार पेटी में 180 एम एल की 192 बोतल रॉयल व्हिस्की तथा 500' की 96 बोतल गॉडफादर बियर बरामद हुई।

# चोरी की बाइक के साथ चोर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**
**विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 7 मार्च 2023 :अम्बा थाने की पुलिस ने महावीर गंज से चोर व चोरी की होंडा शाइन रजिस्ट्रेशन नंबर खल14ऋ2499 बाइक जब्त की। चोर की पहचान टंडवा थाना अंतर्गत ईंटवा गांव निवासी राजीव रंजन कुमार के रूप में हुई। यह कार्रवाई अनंत कुमार ने की।

# बाइक की टक्कर से एडवोकेट क्लर्क की घटना स्थल पर हुई मौत

**समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)7 मार्च 2023 : - गोह प्रखंड के बेरका गांव निवासी सह विश्वकर्मा विकास मंच के जिला संयोजक एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी सेवानिवृत ताईद विन्देश्वरी शर्मा के छोटे भाई शिववचन शर्मा की सड़क हादसे में मंगलवार की दोपहर मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिववचन शर्मा औरंगाबाद न्यायालय में एडवोकेट क्लर्क के पद पर कार्यरत थे। औरंगाबाद कोर्ट के समीप सड़क पार कर रहे थे । उसी समय अनियंत्रित एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही उनके पैतृक गांव बेरका एवं गोह प्रखंड में शोक की लहर व्याप्त है। शिववचन शर्मा 75 वर्ष की आयु में सड़क हादसे का शिकार हो गए हैं। उनके जाने से घर परिवार का रो रो कर हाल बेहाल है। गांव में होने वाले सौहार्द एवं भाईचारे का त्योहार होली का उमंग मातम में तब्दील हो गया है। अचानक उनके निधन से बाजारों में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा का विषय बना हुआ है। तो काफी लोगों उनके निधन से मर्माहत हुए हैं।

# गया नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा को सरकार ने किया सम्मानित प्रधान सचिव आनंद किशोर ने कहा कर्तव्यनिष्ठ, मिला प्रशस्ति पत्र।

**दैनिक समाज जागरण राकेश कुमार मिश्रा**
**प्रभारी मगध प्रमंडल सह ब्यूरो चीफ**

गया के नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा को राज्य सरकार ने नगर विकास एवं आवास विभाग के कार्यों में महत्वपूर्ण एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया है। यह सम्मान अब ऐसे समय में दिया गया है जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 8 मार्च को महिला दिवस है गया नगर निगम में पहली बार किसी महिला आईएएस को नगर आयुक्त की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि भारतीय प्रशासनिक सेवा संवर्ग के इस महिला अधिकारी को जब पहली बार गया नगर निगम का नगर आयुक्त बनाया गया था सो गया नगर निगम के कार्यालय से लेकर वार्ड पार्षद और नगर वासियों के मन में तरह-तरह की सवाल खड़े हुए थे कि एक महिला नगर निगम के कार्यों को किस तरह से संचालित करेगी, लेकिन लोगों की अवधारणा गलत साबित हुई जब से गया नगर निगम के आयुक्त नगर आयुक्त के पद पर आसीन हुई, तब से लेकर आज तक इनके कार्य करने के तरीके अन्य नगर आयुक्त से कुछ अलग ही हैं सबसे कठिन दौर तब शुरू हुआ जब नगर निगम बोर्ड भंग हो गई थी और सरकार ने इन्हें नगर विकास




की अहम जिम्मेदारी स्वतंत्र रूप में दी और बखूबी जिम्मेदारियों का निर्वहन की इसके बाद नगर निगम 2022 का चुनाव हुआ।

हालांकि गया नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में कई ऐसे निर्णय ली जिसकी चर्चा नगर निगम के कर्मचारियों और वार्ड पार्षद करते हैं हालांकि कुछ विषय दत्त निर्णय से कुछ लोगों को तकलीफ दी हुई सुनने में आता है कि बोर्ड द्वारा कुछ दबाव भी बनाया जाता रहा, लेकिन नियमा अनुकूल दायित्वों का निर्वहन करती हैं, बहर हाल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इसके पहले नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा को नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर ने सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। आनंद किशोर ने प्रशस्ति पत्र देते हुए कहा कि नगर विकास एवं आवास विभाग में मेरी पदस्थापना अवधि के दौरान गया नगर निगम के नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने अपने कर्तव्यों का समुचित निर्णय निष्पादन उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय रूप से किया है। यह अत्यंत कर्तव्यनिष्ठ संवेदनशील तथा उत्कृष्ट पदाधिकारी हैं, नगर विकास एवं आवास विभाग के कार्यों में महत्वपूर्ण एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए अभिलाषा शर्मा भारतीय प्रशासनिक सेवा नगर आयुक्त नगर निगम गया को सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

# देव के स्वास्थ्य केंद्र में होली मिलन का आयोजन किया गया।

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता**

औरंगाबाद (बिहार) 7 मार्च 2023 :- औरंगाबाद जिले के देव स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक पदाधिकारी डॉक्टर मोहम्मद समीद में ने स्वास्थ्य केंद्र के



सभी स्टाफ के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया कार्यक्रम में विकास रंजन तंवर सुल्तान नाजिर हुसैन मोहम्मद फिरोज रवि रंजन कुमार अनिल कुमार रंजीत कुमार जितेंद्र कुमार धीरज कुमार अमन कुमार विकास कुमार के साथ-साथ सभी स्टाफ ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर गले से गले लगाया इस मौके पर डॉ समीद ने कहा कि आप लोग सभी भेदभाव को छोड़कर शांतिपूर्ण होली पर्व का त्यौहार मनाए

## औरंगाबाद समाहरणालय के सामान्य शाखा में कर्मियों ने हिंदू, मुस्लिम ,सिख , ईसाई आपस में है भाई -भाई के संदेश के साथ एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर मनाया होली

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद औरंगाबाद (बिहार)- 7 मार्च 2023- औरंगाबाद समाहरणालय के सामान्य शाखा कार्यालय में कर्मियों ने होली के महापर्व पर जमकर एक दूसरे को कार्यालय बंद के अंतिम दिन



रंग, अबीर ,गुलाल ,लगाकर हर्षोल्लास के साथ हिंदू ,मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में है भाई -भाई संदेश देते हुए मनाया . कर्मियों ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि होली का महापर्व हिंदुओं का सर्वश्रेष्ठ पर्वों में एक है. तथा अटूट आस्था, विश्वास, भाईचारा, के साथ-साथ बुराइयों पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है . सभी कर्मियों ने औरंगाबाद वासियों से अपील करते हुए कहा है कि होली का महापर्व पर शांति ,सद्भावना, प्रेम ,स्नेह एवं भाईचारा का संबंध के साथ होली का महापर्व मनाएं . होली कार्यक्रम के दौरान उपस्थित होने वालों में सामान्य शाखा के लिपिक सुनील कुमार, चंचल कुमार सिन्हा, पवन कुमार, समीर कुमार, दीपक कुमार ,बजरंगी माली सहित दर्जनों लोगों का नाम शामिल है .

# देवहरा मुखिया ने पंचायत के स्वच्छता कमीर्यो को रंग गुलाल व मिठाईयों से किया सम्मानित।

**समाज जागरण गौतम कुमार**
**अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)7 मार्च 2023 : - रंगो का त्योहार होली पर्व के अवसर पर गोह प्रखंड के देवहरा पंचायत के मुखिया आरती देवी ने मंगलवार को स्वच्छता कमीर्यों को रंग गुलाल एवं मिठाईयों के साथ मासिक वेतन भुगतान कर सम्मानित किया है। मुखिया आरती देवी ने स्वच्छता कर्मियों को कहा कि रंगो का त्योहार होली पर्व आपसी द्वेष की भावना को मिटाते हुए एक दूसरे को गले लगाकर आपसी भाईचारे का प्रतीक त्योहार है। इस लिए आप सभी स्वच्छता कमीर्यों ने अपने अपने वार्डों में साफ सफाई कर बिहार लोहिया स्वच्छता अभियान को सफल बना कर सच सकार साबित किया है। समाज के निचले तबके के लोगों को हौसला अफजाई किया है। साथ में महिला कमीर्यों को अपने नगर, वार्ड एवं मोहल्ले में साफ सफाई के लिए हौसला अफजाई करते हुए धन्यवाद दिया है। इस मौके पर पंचायत सचिव रामजीवन राम, मुखिया प्रतिनिधि सुनील



कुमार, उर्मिला देवी , शिद्धनाथ प्रसाद , पर्यवेक्षक नंदकिशोर कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

पंचायत भवन देवहारा में मा मुखिया श्रीमति आरती देवी के द्वारा स्वच्छता कर्मियों को रंग गुलाल एवम मिठाई देकर सम्मानित किया गया , मा मुखिया आरती देवी ने लोगो को कहा की आप एक नेक एवम सुंदर काम कर रहे हैं जहां पर लोग अपने आस पास गंदगी में जी रहे हैं वहां पर आपलोग साफ सफाई कर स्वच्छ भारत मिशन एवम बिहार लोहिया स्वच्छ अभियान को सच साकार कर रहे हैं अब समय आ गया जब लोगो को समाज के निचले तबके में भी कार्य कर रहे लोगो को हौसला अफजाई किया जाए जिससे कर्मी लोग कार्य को और तेज धार दे सके । मैं धन्यवाद देती हु महिला कर्मी को जो सुबह सुबह उठ कर हमारे गांव पंचायत को साफ करती है मैं सदैव आपको मदद करते रहूंगी बस आप लोग इसी तरह स्वच्छता का अलख जगाए रखे

इस मौके पर पंचायत सचिव रामजीवन राम वार्ड उर्मिला देवी ,सीदनाथ प्रसाद ,चालक , सभी स्वच्छता कर्मी एवम स्वच्छता प्रवेक्षक नंदकिशोर कुमार उपस्थित रहे।।

# गया के डीएम ने सार्वजनिक चापाकलों की स्थिति के बारे में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा बैठक की, माइक्रो लेवल पर कार्य करवाने का निर्देश!

**दैनिक समाज जागरण राकेश कुमार मिश्रा**
**प्रभारी मगध प्रमंडल सह ब्यूरो चीफ!**

गया (बिहार) जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम ने गया जिले में गर्मी के मौसम में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक चापाकल की स्थिति के संबंध में सभी प्रखंड के पदाधिकारियों, पंचायती राज विभाग के टेक्निकल असिस्टेंट, सभी प्रखंडों के प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा बैठक की गई।

टोले में /कस्बे में पानी की कोई समस्या ना हो, इसके लिए अभी से ही माइक्रो लेवल पर कार्य करवाने का निर्देश जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया है। समीक्षा बैठक में बताया गया कि जिले के महादलित टोला में विकास मित्र के माध्यम से सार्वजनिक चापाकल का सर्वेक्षण किया गया है, जिसमें 9568 चापाकल में से 3410 चापाकल खराब पाए गए हैं। जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया कि प्राथमिकता के आधार पर महादलित टोला में खराब चापाकलो को मरम्मत करवाएं साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक 15 दिनों के अंतराल पर चापाकल का सर्वेक्षण करवाते रहें ताकि दोबारा कहीं चापाकल खराब होने पर उसे मरम्मत करवाया



जा सके।

जिस प्रखंड तथा पंचायत में सबसे अधिक पेयजल की समस्या तथा खराब चापाकल की समस्या है वहां अधिक संख्या में चापाकल मरम्मत गैंग टीम को भेजें। उन्होंने कहा कि पंचायत के हिसाब से मरम्मत दल टीम का गठन करें। 13 मार्च के पहले सभी प्रकार के उपकरण के साथ-साथ राइजर पाइप को अपने गोडाउन में उपलब्ध रखें ताकि चापाकल मरम्मत गैंग दल को उपकरण बदलने में कोई कठिनाई ना हो। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पीएच ई डी विभाग के सभी कनीय अभियंता निरंतर फील्ड में रखकर चापाकल मरम्मत का निगरानी रखेंगे।

जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि 13 फरवरी तक पीएचडी अपने सभी कुल 52 टैंकर को रंग रोगन सफाई कराते हुए पूरी तरफ फंक्शन रखेंगे। ताकि कहीं से पानी टैंकर की आवश्यकता पड़ने पर उसे तुरंत उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जिस क्षेत्र में पानी का टैंकर अधिक प्रयोग हुआ है उस क्षेत्र में वर्तमान स्थिति में क्षेत्र की क्या स्थिति है इसका आकलन अवश्य करें।

# उत्साह : निपुण टी एल एम मेला में उ0 म0 विद्यालय भातगाँव -1 जिला स्तर पर चयनित

**समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज) । गलगलिया के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भातगाँव -1 का निपुण टी एल एम मेला 2023 में प्रखंड स्तर पर चयनित होने के बाद सोमवार को जिला स्तर पर चयनित होने से विद्यालय के शिक्षकों व स्कूली बच्चों में हर्ष का माहौल व्याप्त है ।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय भातगाँव -1 के प्रधानाध्यापक बिनोद कुमार ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक सूर्य नारायण मंडल, भारती गुप्ता, अख्तर अली, भारती प्रसाद आदि द्वारा 28 फरवरी को आयोजित प्रखंड स्तरीय निपुण टी एल एम मेला में टी एल एम का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था । प्रखंड स्तर पर चयनित होने के जिला स्तर पर टी एल एम प्रदर्शनी लगाने का मौका मिला, जहाँ जिला के कुल 10 विद्यालयों के साथ उत्क्रमित



मध्य विद्यालय भातगाँव -1 का चयन हुआ । चयनित विद्यालयों के टी एल एम प्रदर्शनी करने का मौका अब राज्य स्तर पर मिलेगा । मद्देनजर विद्यालय के शिक्षकों सहित स्कूली बच्चों में हर्ष का माहौल व्याप्त है । उन्होंने बताया कि विद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा हमेशा से अध्यापन का कार्य टी एल एम की मदद से किया जाता है । साथ ही इन शिक्षकों द्वारा बेगलेस शनिवार को विद्यालय में बच्चों के सहयोग से हस्त निर्मित टी एल एम का निर्माण खेल-खेल में किया जाता है । विद्यालय के प्रति शिक्षकों का समर्पण, अध्यापन के प्रति लगनशीलता व कर्तव्यनिष्ठता सराहनीय है, परिणामस्वरूप निपुण टी एल एम मेला में विद्यालय का चयन जिला स्तर पर हुआ है ।

# कर्तव्यपालन का सख्त संदेश देने के लिए पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज) । होली व सबे बारात पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करने हेतु प्रशासन पूरी तरह से चौकस है । इसके लिए सभी थानों में शांति समिति की बैठक कर पूर्व में ही शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में इस पर्व को मनाने हेतु प्रशासन द्वारा अपील की गई है । पुनः मंगलवार को गलगलिया थानाध्यक्षा खुशबू कुमारी के नेतृत्व में गलगलिया थाना व एस एस बी 41वीं बटालियन भातगाँव बी ओ पी द्वारा संयुक्त रूप से गलगलिया थाना क्षेत्र के कई इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च गलगलिया के इंडो-नेपाल बॉर्डर, गलगलिया बाजार, घोषपाड़ा, साहनी टोला, मस्जिद टोला, ईदगाह तोला आदि इलाकों में कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखकर पर्व को मनाने का अपील किया गया। फ्लैग मार्च में गलगलिया थानाध्यक्षा खुशबू कुमारी, ए एस आई सहनाज खान, रंजीत सिंह, गिरीश कुमार, राजेश कुमार, पप्पू कुमार, एस एस बी 41वीं बटालियन भातगाँव बी ओ पी के असिस्टेन्ट कमांडेंट सुरेन्द्र सिंह, सहित भारी संख्या में पुलिस व एस एस बी जवान फ्लैग मार्च में शामिल रहे।

वहीं गलगलिया थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी ने थाना क्षेत्र के लोगों से आपसी भाई -चारा को ध्यान में रखकर सौहार्द पूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपीले की । उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक पोस्ट करने से बचे, साथ ही किसी तरह के अफवाह पर ध्यान न देने की बात कही । थाना क्षेत्र में पर्व के दौरान चौक-चौराहों




पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी साथ ही पुलिस लगातार पेट्रोलिंग भी करेगी । किसी भी तरह की गड़बड़ी व अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एसकेपी के छात्रों ने वृक्षों में पानी देकर और वृक्षों में हरा गुलाबी रंग गुलाल अबीर लगाकर होली खेली

**दैनिक समाज जागरण**
**बांका/ब्यूरो/रिपोर्ट**

बांकाःएसकेपी विद्या विहार राजपुर प्लस टू आवासीय विद्यालय बांका बिहार में छात्रावास के छात्रों ने वृक्षों में पानी देकर वृक्षों के साथ रंग गुलाल अबीर लगाकर होली खेली। जीव विज्ञान शिक्षक सह पर्यावरण विशेषज्ञ प्रवीण कुमार प्रणव ने छात्रों को बताया कि वर्तमान पीढ़ी को चाहिए कि वह वृक्षों के फूलों से बने अबीर गुलाल का इस्तेमाल कर वृक्षों के साथ होली खेलें। सभी हरे वृक्षों के साथ प्रेम सद्भावना भाईचारा का सामंजस्य आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यवहारिक पौराणिक सहित हरेक दृष्टिकोण से और सभी जीवों के लिए अनमोल जीवन दायिनी प्राणवायु ऑक्सीजन दाता वृक्षों को अपने सांसों के साथ अपना जानें मानें समझें और दूसरों को भी इसे सुरक्षित संरक्षित रखने के लिए प्रेरित करें। इसीलिए पर्यावरण विशेषज्ञ प्रवीण कुमार प्रणव ने अपने छोटे बड़े सभी छात्रों को अपने छात्र जीवन से ही प्रकृति प्राकृतिक संसाधनों को ध्यान में रखते हुए त्योहार मनाने को प्रेरित करने का प्रयत्न करते हैं। वृक्षों के साथ होली खेलने के कार्यक्रम में शामिल मुख्य अतिथि आर एम के बांका के विज्ञान शिक्षक श्री प्रणव कुमार ने बताया कि एसकेपी विद्या विहार राजपुर प्लस टू आवासीय विद्यालय बांका बिहार



के छात्र प्रतिभाशाली हैं। यहां पर अनोखे अंदाज में होली मनाने की परंपरा को प्रकृति पर्यावरण के साथ वृक्षों में रंग गुलाल अबीर लगाकर होली खेली जा रही है । आने वाले समय में कहा जाएगा कि ह्र मानव ने वृक्षों के साथ होली मनाने की शुरूआत जीव विज्ञान शिक्षक सह जिला पर्यावरण विशेषज्ञ व भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी बांका जिला ईकाई प्रबंध कमेटी सदस्य तथा अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा हेडक्वार्टर वासिंगटन डीसी से संबद्ध प्रवीण कुमार प्रणव ने नेतृत्व में की गई थी।" छात्रों को वृक्षों से प्रेम सद्भावना भाईचारा बनाए रखने होंगे। प्रवीण कुमार प्रणव ने सभी छात्रों को बताया कि सभी छात्र अपने से सिनियर छात्रों के पैर पर अबीर गुलाल लगाकर आशीर्वाद प्राप्त करें और सभी सिनियर छात्र अपने से छोटे बच्चों को होली की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं आशीर्वाद दें।आपस में मिलकर रहें।एक दूसरे को ज्ञान बांटते हुए हरेक दृष्टिकोण से मदद करने का प्रयास करें। फिर पुनः अपनी अपनी पढ़ाई लिखाई में लग जाएं। मौके पर छात्रावास में रहने वाले छोटे बड़े दर्जनों छात्रों ने हर्षोल्लास वृक्षों में पानी देकर और हरा गुलाबी रंग गुलाल अबीर लगाकर होली खेली।

# प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होलिकोत्सव

दैनिक समाज जागरण। निज संवाददाता बौंसी।

बौंसी/बांकाः- बौंसी प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को होली उत्सव का जबरदस्त उत्साह शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिला। हर जगह लोग होली की मस्ती में सराबोर नजर आए छोटे-छोटे बच्चे, बुजुर्गों, महिलाओं एवं युवतियों के साथ-साथ युवाओं की टोली ने जमकर रंग और गुलाल एक दूसरे को लगाएं। मंदिरों एवं शिवालयों में भी होली खेली गई। लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाए। इसके पूर्व अपने इष्ट देव की भी अबीर गुलाल लगाकर पूजा अर्चना की गई होली को लेकर सुबह से ही लो काफी उत्साहित नजर आए। हर तरफ लोगों को मस्ती करते देखा गया। ग्रामीण इलाकों में रंग और भांग के साथ युवाओं की टोलियां होली खेल रही थी। घर-घर जाकर खींच



कर रंग लगाने का काम किया गया। सड़कों पर, गलियों में अपने साथियों के साथ पिचकारी से एक दूसरे पर रंग फेंकते हुए देखे गए। लोगों का चेहरा इस प्रकार से रंगा हुआ था कि लोगों को पहचानना भी मुश्किल हो रहा था। गुलाल और अबीर के साथ रंग और स्प्रे की होली खेली गई। होली पर जगह-जगह फगुआ गीत गाये गए। शाम में अबीर गुलाल लगाने के बाद लोगों ने आशीर्वाद ग्रहण किया। वहीं बौंसी प्रखंड के सुप्रसिद्ध मधुसूदन मंदिर में होली पर्व को लेकर देर रात तक भगवान मधुसूदन के साथ भक्तों ने अबीर,गुलाल की होली खेली। भजन कीर्तन के साथ करीब ढ़ाई से 3 घंटे तक भजन कीर्तन किया गया। जबकि उसके बाद अबीर गुलाल की होली खेली गई। वहीं बौंसी के आसपास के अलावा झारखंड के सीमावर्ती इलाकों से भी भक्त होली खेलने के लिए मधुसूदन मंदिर पहुंचे वही काफी देर रात तक भक्तों का डेरा मंदिर परिसर में जमा रहा जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा।

22 may 2022:Layout 1 3/8/2023 9:25 AM Page 10




































































22 may 2022:Layout 1 3/8/2023 9:25 AM Page 12






















# श्रीराम चंद्र मिशन और हार्टफुलनेस सेंटर का तीन दिनी ध्यान शिविर 10 से

*–बेहतरीन तीन दिनी आयोजन*

*–श्रीराम चंद्र मिशन के आमडारी मुख्यालय पर आयोजित होगा शिविर*

*–जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार होंगे ध्यान शिविर उद्घाटन के मुख्य अतिथि*


शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से श्रीराम चंद्र मिशन और हार्टफुलनेस सेंटर के तत्वावधान में तीन दिनी विशेष ध्यान शिविर का आयोजन 10 मार्च से किया गया है।



आयोजन आमडारी में स्थित श्रीराम चंद्र मिशन और हार्टफुलनेस सेंटर के जिला मुख्यालय पर आयोजित है। विशेष शिविर का उद्घाटन जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार करेंगे।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए हार्टफुलनेस सेंटर और श्रीराम चंद्र मिशन बलिया के केन्द्र प्रभारी ने बताया कि यह आयोजन संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित आजादी




के अमृत महोत्सव के तहत किया जा रहा है। आयोजन में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को इन तीन दिनों में समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के लिए आसन, प्राणायाम, मुद्रा और यौगिक संचरण के साथ हार्टफुलनेस ध्यम का गहरा अनुभव कराया जाएगा। तीन दिनी आयोजन के बाबत कहा कि 10 और 11 मार्च को आयोजन शाम चार बजे से छह बजे तक होगा। अंतिम दिन यानी 12 मार्च को सुबह आठ बजे से दस बजे तक आयोजन होगा। हार्टफुलनेस योग और ध्यान कार्यक्रमों की श्रृंखला कर लोगों और समुदाय को आंतरिक शांति, आनंद और समग्र कल्याण की खोज में मदद के लिए सहयोग करता है। हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान नामक इस पहल में इस विशेष ध्यान शिविर का महत्वपूर्ण स्थान है।













